● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 227, पृष्ठ : 08, सीधी, रविवार , 29 सितम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर



सीएम सिद्धारमैया के साथ खड़ी है कांग्रेसः खरगे 5

रयान रिकेल्टन की ताबड़तोड़ पारी 6

## कांग्रेस देश की सबसे धोखेबाज व बेईमान पार्टी : पीएम

**हिसार।** हिसार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मतदान की तारीख नजदीक आते-आते कांग्रेस पस्त पड़ती जा रही है। कांग्रेस का हरियाणा में भी वही हाल होगा जो मध्य प्रदेश और राजस्थान में हुआ। हिमाचल में वोट लेने के लिए जमकर झूठ बोला और सरकार बनने के बाद वादों से पल्ला झाड़ लिया। यह देश की सबसे धोखेबाज व बेईमान पार्टी है। हरियाणा की जनता कांग्रेस के झूठ के गुब्बारे को वोट की चोट से फोड़ेगी। पीएम ने कहा, जहां कांग्रेस होती है वहां कभी स्थिरता नहीं आ सकती। वे शनिवार को हिसार में एयरपोर्ट के पास आयोजित जनआशीर्वाद रैली में संबोधित कर रहे थे।



हिसार सहित बांगर के छह जिलों के 22 भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित रैली में पीएम मोदी ने बिना नाम लिए कहा कि कांग्रेस में सीएम बनने की होड़ मची है। बापू व बेटा दोनों दावेदार हैं। इन लोगों ने अपनी सरकार के समय दिल्ली के दामाद की खूब सेवा की है। कांग्रेस के समय दलालों व दिल्ली के दामाद की सरकार थी।

कांग्रेस दलित समाज से नफरत करती है। कांग्रेस राज में गोहाना ,मिर्चपुर कांड हुए, लेकिन कांग्रेस चुप रही। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि शाही परिवार आज अमेरिका में बोल रहा है कि दलितों का आरक्षण खत्म कर देंगे। भाजपा सरकार वंचितों को सहारा देती है, उनके सपनों को उड़ान देती है। जिनको कोई नहीं पूछता मोदी उनको पूजता है। हमने हर गरीब रेहड़ी-पटरी वालों के लिए लोन की व्यवस्था की। उनके लोन की गारंटी नरेंद्र मोदी देता है। भाजपा ने तो मुख्यमंत्री निवास का नाम कबीर कुटीर रखा है।

किसानों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस किसानों के लिए बड़ी बातें करती है, लेकिन करती कुछ नहीं। आपको भूलना नहीं है कि हुड्डा सरकार दो रुपये मुआवजे वाली सरकार थी। फर्क देखिए हमारी सरकार 10 करोड़ से ज्यादा किसानों को पीएम सम्मान निधि उनके बैंक खातों में सीधे जमा करती है। किसानों के लिए वादे करने वाले यह लोग कर्नाटक, तेलंगाना, हिमाचल में अपनी घोषणाएं पूरी क्यों नहीं करते। वहां के लोग कांग्रेस को चुनकर पछता रहे हैं। कांग्रेस सिर्फ किसानों के लिए झूठ बोल सकती है। एमएसपी पर भी झूठ बोला जा रहा है। उन्होंने कहा, हरियाणा में भाजपा सरकार 24 फसलों को एमएसपी पर खरीद रही है। जबकि कांग्रेस शासित राज्यों में इक्का-दुक्का फसलें ही एमएसपी पर खरीदी जा रही हैं। पिछले एक दशक में भाजपा ने प्रदेश में विकास को गति दी है। चौड़ी सड़कों का जाल बिछाया है। हिसार में एयरपोर्ट बनने से यहां बड़े उद्योगों को बढ़ावा मिलगा।

पीएम ने कहा, कांग्रेस सरकार में बिना खर्ची-पर्ची के नौकरी नहीं मिलती थी। भाजपा ने मेरिट आधार पर नौकरियां दीं। कांग्रेस की भर्ती रोको गैंग ने भर्तियों पर रोक लगवा दी। उन्होंने कहा, कांग्रेस सिर्फ लूट ही नहीं करती है, बल्कि लूटने वाला का बचाव भी करती है। कांग्रेस राज में दलालों व दामाद का ही बोलबाला था। माफी मांगने के बजाय दलालों व दामाद का बचाव किया जा रहा है। अब जनता खुद इनका कच्चा चिट्ठा बाहर निकाल रही है। उन्होंने कहा, हरियाणा के लोग कट्टर देशभक्त है। इसलिए कांग्रेस का असली चेहरा भी याद रखना है।

## एक अक्टूबर से भाजपा के सदस्यता अभियान का दूसरा चरण

### सीएम बोले- दशहरे तक सदस्यता का लक्ष्य हासिल करें

**भोपाल।** भाजपा के सदस्यता अभियान में मध्यप्रदेश में अब तक 1 करोड़ 5 लाख से अधिक लोगों ने मिस्ड कॉल से भाजपा की सदस्यता ली है। 98 लाख से अधिक लोग विधिवत फॉर्म भरकर भाजपा परिवार के सदस्य बन चुके हैं। देश की टॉप 20 विधानसभाओं में मध्यप्रदेश की 6 विधानसभा शामिल है। 70 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करके मध्यप्रदेश देश में तीसरे नंबर पर है, जबकि बड़े राज्यों में हम प्रथम हैं। सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सदस्यता अभियान के पहले चरण में सभी कार्यकर्ताओं ने अच्छा प्रदर्शन किया है और अब 1 अक्टूबर से सदस्यता अभियान का दूसरा चरण शुरू हो रहा है। लेकिन हमारे




सामने चुनौती बड़ी है। अभी पितृपक्ष चल रहे हैं, फिर नवरात्रि आ रही है। लेकिन हमें अपनी कार्ययोजना इस तरह से बनाना है कि हम दशहरे पर होने वाली शस्त्र पूजन तक डेढ़ करोड़ का लक्ष्य प्राप्त कर लें। उन्होंने कहा कि हमने लोकसभा चुनाव में 29 में से 29 सीटें जीतीं और विधानसभा चुनाव में हमने 163 सीटों पर जीत हासिल की थी। अगर हम प्रदेश की 230 विधानसभाओं को देखें, तो इनमें से 10-15 सीटों को छोड़कर अन्य सीटों पर जीत हासिल कर चुके हैं। इस हिसाब से देखें, तो डेढ़ करोड़ का लक्ष्य कोई बड़ा लक्ष्य नहीं है। उन्होंने कहा कि दशहरे तक सदस्यता का लक्ष्य कार्यकर्ता हासिल करें। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि सदस्यता अभियान में मध्यप्रदेश देश में तीसरे नंबर है, पहले नंबर पर असम और दूसरे नंबर पर हिमाचल प्रदेश है, लेकिन बड़े राज्यों में मध्यप्रदेश पहले स्थान पर है।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 26 नवंबर से पहले होंगे : सीईसी

**मुंबई।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने शनिवार (28 सितंबर) को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। इसके पहले चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। तारीखों का ऐलान अगले महीने होने की उम्मीद है।

राजीव कुमार और चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एस एस संधू दो दिन के महाराष्ट्र दौरे पर हैं। उन्होंने यहां विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन ऑफिसर, सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस, समेत अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके अलावा उन्होंने शिवसेना, शिवसेना बीटी, मनसे, बसपा, आप समेत 11 पार्टियों से मुलाकात की। सभी पार्टियों ने मांग की है कि दिवाली, देव दिवाली और छठ पूजा जैसे त्योहारों को ध्यान में रखकर चुनाव की तारीखों का ऐलान किया जाए।

हमने महाराष्ट्र सरकार से उन अधिकारियों का तबादला करने का अनुरोध किया है, जो अपने गृह जिले या मौजूदा पोस्टिंग में 3 साल से अधिक समय से सेवा दे रहे हैं। यह वोटर्स का अधिकार है कि उन्हें पता हो किस कैंडिडेट का क्रिमिनल बैकग्राउंड है। पार्टियों को अपने कैंडिडेट के बारे में ये जानकारी सार्वजनिक करनी चाहिए। शुक्रवार को चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र के मुख्य सचिव से जवाब मांगा चुनाव आयोग ने शुक्रवार (27 सितंबर) को महाराष्ट्र के मुख्य सचिव और डीजीपी से आदेश का पालन न करने पर जवाब मांगा है। मामला विधानसभा चुनाव को देखते हुए अधिकारियों के ट्रांसफर से जुड़ा है। इलेक्शन कमीशन ने आदेश दिया था कि, राज्य में उन अधिकारियों का ट्रांसफर किया जाए।

## अमेरिका में हेलेन तूफान से 49 की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में शुक्रवार (27 सितंबर) को आए हेलेन चक्रवात से 5 राज्यों में अब तक 49 लोगों की मौत हो गई है।अमेरिकी मीडिया हाउस ष्टह्रह्र के मुताबिक, तूफान की वजह से आए बवंडर और बाढ़ में कई घर बह गए। चक्रवात का सबसे ज्यादा असर साउथ कैरोलिना और जॉर्जिया में देखने को मिला जहां कैटेगरी 4 के तूफान से 34 लोगों की मौत हुई है। पांचों राज्यों में तूफान की वजह से कई लोग फंसे हुए हैं, जिन्हें बचाने की कोशिश की जा रही है।

## पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने के लिए सहमति बनानी चाहिए, केंद्रीय मंत्री ने बताई वजह

**पुणे।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को पेट्रोल, डीजल को जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) के तहत लाने के लिए आम सहमति बनाने की जरूरत बताई। पुणे इंटरनेशनल सेंटर (पीआईसी) के 14वें स्थापना दिवस पर आयोजित व्याख्यान में आने वाले दशक में भारत की ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने के लिए रणनीति और उपाय विषय पर व्याख्यान देते हुए उन्होंने कहा, मैं लंबे समय से पेट्रोल डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की बात कर रहा हूं। वित्त मंत्री ने भी कई मौकों पर ईंधन को जीएसटी के तहत लाने की बात कही है।

भारत की विशाल आबादी को देखते हुए ऊर्जा सुरक्षा बेहद जरूरी है। भारत को अपनी ऊर्जा सुरक्षा बढ़ाने के लिए, भारत को रणनीतिक पेट्रोलियम भंडारों पर ध्यान केंद्रित करने और आयातित ईंधन पर अपनी भारी निर्भरता को कम करने के लिए अन्वेषण और ईंधन उत्पादन पर फोकस करने की जरूरत है। पुरी ने कहा कि 140 करोड़ की आबादी के साथ भारत की ऊर्जा खपत वैश्विक औसत से तीन गुना अधिक है। इसकी वजह से वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य में भारत एक प्रमुख खिलाड़ी है। उन्होंने कहा कि अगले दो दशकों में, दुनिया में ऊर्जा खपत में जो वृद्धि होगी, उसमें 25 प्रतिशत योगदान अकेले भारत करेगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि %पेट्रोल डीजल को जीएसटी दायरे में लाने के लिए सभी राज्यों की सहमति जरूरी है और राज्यों की इसकी चुनौतियों को भी स्वीकार करना होगा।

## केरल में 90 मिनट में 3 लूट, फिल्मी फॉर्मूला अपनाया

**त्रिशूर।** केरल के त्रिशूर में एक गिरोह ने शुक्रवार (27 सितंबर) को महज 90 मिनट के अंदर तीन एटीएम से करीब 70 लाख रुपए लूटे। डकैती के बाद ये लोग दो ग्रुप बनाकर भाग निकले, लेकिन 7 घंटे के अंदर केरल और तमिलनाडु पुलिस ने डकैती के पैसों समेत फिल्मी अंदाज में गिरोह को पकड़ लिया। हरियाणा के इस गिरोह ने सबसे पहले त्रिशूर के मप्रानम के एटीएम से 35 लाख रुपए लूटे। इसके बाद वे शोरनूर रोड पर एसबीआई के एटीएम पहुंचे, जहां से 9.5 लाख रुपए लूटे।

## एअर इंडिया फ्लाइट के खाने में कॉकरोच मिला

**नई दिल्ली।** दिल्ली से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट के नाश्ते में एक कॉकरोच मिला। घटना 17 सितंबर की है। एक महिला ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करके मामले की जानकारी दी। पैसेंजर महिला ने बताया कि उन्हें और उनके 2 साल के बेटे को फूड पॉइजनिंग हुई। अब वे एअर इंडिया की फ्लाइट में सफर नहीं करेंगी। एअर इंडिया ने मामले को लेकर माफी मांगी है। एयरलाइन मैनेजमेंट ने कहा कि वे पैसेंजर के एक्सपीरियंस को लेकर चिंतित हैं। वे मामले की जांच करेंगे। साथ ही कैटरिंग सर्विस देने वाली कंपनी से भी बात करेंगे।

फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए मां-बेटे सुयशा सावंत नाम की एक महिला अपने दो साल के बच्चे के साथ दिल्ली से न्यूयॉर्क जा रही थी। इस दौरान नाश्ते में ऑमलेट मिला। मैंने अपने बेटे के साथ नाश्ता किया। हम नाश्ता ही कर रहे थे कि मुझे कॉकरोच दिख गया। मैं घबरा गई। थोड़ी ही देर में पेट दर्द होने लगा। महिला ने बताया कि इसके बाद उन्हें और उनके बेटे को फूड पॉइजनिंग हो गई।

## बेंगलुरु कोर्ट का निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर का आदेश

### इलेक्टोरल बॉन्ड्स के जरिए जबरन वसूली का आरोप, कर्नाटक सीएम ने इस्तीफा मांगा

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की एक स्पेशल कोर्ट ने 27 सितंबर को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। वित्त मंत्री पर इलेक्टोरल बॉन्ड्स के जरिए जबरन वसूली का आरोप लगाया गया है।

जनाधिकार संघर्ष परिषद के आदर्श अय्यर ने बेंगलुरु में शिकायत दर्ज कर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की थी। याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। अदालत ने बेंगलुरु के तिलक नगर पुलिस स्टेशन को



एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। अगली सुनवाई 10 अक्टूबर को होगी।

अप्रैल 2024 में की थी शिकायत, जेपी नड्डा का भी नाम जनाधिकार संघर्ष परिषद ने अप्रैल में 42वीं एसीएमएम कोर्ट में दायर याचिका में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ईडी अधिकारियों, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं, तत्कालीन भाजपा कर्नाटक अध्यक्ष नलिन कुमार कटील, बीवाई विजयेंद्र के खिलाफ शिकायत की थी।

शिकायत में कहा गया है कि अप्रैल 2019 से अगस्त 2022 तक व्यवसायी अनिल अग्रवाल की फर्म से लगभग 230 करोड़ रुपए और अरबिंदो फार्मेसी से 49 करोड़ रुपए चुनावी बॉन्ड के जरिए वसूले गए। इधर, इस खबर के सामने आने के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने केंद्रीय वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग की है।

उन्होंने कहा कि कर्नाटक भाजपा के नेता सीतारमण के इस्तीफे के लिए कब प्रदर्शन और मार्च करेंगे। अगर निष्पक्ष जांच होती है, तो पीएम मोदी और कुमारस्वामी को भी इस्तीफा देना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- स्कीम असंवैधानिक 15 फरवरी 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक फंडिंग के लिए इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था- यह स्कीम असंवैधानिक है।

## कश्मीर के कुलगाम में मुठभेड़, 2 आतंकी ढेर, 5 सुरक्षाकर्मी घायल

**श्रीनगर।** कश्मीर में कुलगाम के आदिगाम देवसर इलाके में शनिवार को एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया। गोलीबारी में सेना के 4 जवान और कुलगाम के एएसपी घायल हुए हैं। पांचों को इलाज के लिए श्रीनगर शिफ्ट किया गया है। साउथ कश्मीर के डीआईजी जाविद इकबाल मट्टू ने बताया कि आदिगाम एनकाउंटर में मारे गए दोनों आतंकियों की पहचान हो गई है। इनमें एक आतंकी आकिब अहमद शेरगोजरी जो बडगाम के चडूरा का रहने वाला है। दूसरा आतंकी उमैस वानी है, जो कुलगाम के ही चावलगाम का रहने वाला है। दोनों आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करते थे।

कश्मीर जोन पुलिस ने शनिवार सुबह 7ः05 बजे एक्स पर पोस्ट के जरिए मुठभेड़ की जानकारी दी। बताया कि पुलिस और सेना ने जॉइंट ऑपरेशन के तहत आदिगाम में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। इसी दौरान आतंकियों ने उन पर फायरिंग कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। फिलहाल ऑपरेशन जारी है।

## न्याय व्यवस्था दिव्यांग बच्चों की परेशानियां समझे : सीजेआई

**नई दिल्ली।** सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि न्याय व्यवस्था को दिव्यांग बच्चों की जरूरतों को समझना चाहिए। मेरी दो दिव्यांग बेटियां है, जिन्होंने मेरा दुनिया देखने का नजरिया ही बदल दिया है। सीजेआई बाल संरक्षण पर नौवे नेशनल एनुअल स्टेकहोल्डर कंसल्टेशन वर्कशाप को संबोधित कर रहे थे। सीजेआई, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और जस्टिस नागरत्ना ने दिव्यांग व्यक्तियों पर हैंडबुक जारी की। यह समाज को सही शब्दावली का इस्तेमाल करने में मदद करेगी। विकलांगता लिंग, जाति और आर्थिक स्थिति के साथ मिलकर और भेदभाव पैदा करती है सीजेआई ने कहा कि हमारी न्याय व्यवस्था में पुलिस से लेकर कोर्ट रूम तक दिव्यांग बच्चों की परेशानियों को समझा जाना चाहिए।

## डॉक्टरों की निगरानी में इच्छामृत्यु को लेकर गाइडलाइन

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने निष्क्रिय इच्छामृत्यु यानी गंभीर रूप से बीमार मरीजों का लाइफ सपोर्ट हटाने को लेकर नई गाइडलाइन का ड्राफ्ट जारी किया है। इसमें कहा गया है कि डॉक्टरों को कुछ शर्तों को ध्यान में रखकर बेहद सोच-समझकर ये फैसला लेना होगा कि मरीज का लाइफ सपोर्ट हटाया जाना चाहिए या नहीं।

गाइडलाइन्स में चार शर्तें तय की गई हैं, जिनके आधार पर यह फैसला लिया जाएगा कि लाइफ सपोर्ट को रोकना मरीज के हित में उचित है। यह तब किया जाएगा जब यह साफ हो कि गंभीर बीमारी से जूझ रहे मरीज को लाइफ सपोर्ट से कोई फायदा होने की संभावना नहीं है, या लाइफ सपोर्ट पर रखने से मरीज की तकलीफ बढ़ने और गरिमा को नुकसान पहुंचने की संभावना हो।

आईएमए अध्यक्ष बोले- इन गाइडलाइन से डॉक्टर तनाव में आएंगे सरकार की इन गाइडलाइन्स को लेकर मेडिकल फ्रेटरनिटी में असंतोष देखा जा रहा है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रेसिडेंट डॉ. आर.वी. असोकन ने कहा कि ये दिशा-निर्देश डॉक्टरों को कानूनी जांच के दायरे में लाएंगे और उन पर तनाव डालेंगे। उन्होंने कहा कि डॉक्टर हमेशा मरीजों की भलाई के लिए फैसले लेते हैं और परिवार के साथ हर स्थिति पर चर्चा करने के बाद ही ऐसा फैसला लेते हैं। इस तरह के फैसले हमेशा मरीज के सर्वोत्तम हित में लिए जाते हैं। इन्हें दिशा-निर्देशों में बांधना गलतफहमी पैदा करेगा।

## महिला-शिक्षा, उस रथ के पहिए, जो देश को चलाएंगे

### धनखड़ ने युवाओं को दिया विकसित भारत बनाने का मंत्र

**नई दिल्ली।** राजस्थान के जयपुर में शनिवार को इंडिया इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों और शिक्षकों के साथ संवाद करते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिक्षा, विशेषकर महिला शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा समाज में सबसे बड़ा स्तर है, यह समानता लाती है और लोकतंत्र के प्रस्फुटित होने के लिए यह एक जरूरी आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि किसी भी समाज में शिक्षा असमानताओं को दूर कर समानता लाती है, शिक्षा सामाजिक व्यवस्था में बराबरी लाने का सबसे बड़ा साधन है, शिक्षा लोकतंत्र की प्राणवायु है। वैदिक काल में भारतीय समाज कि संरचना पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि अगर हम अपने वेदों पर नजर डालें तो उनमें महिलाओं की शिक्षा और भागीदारी पर बहुत जोर दिया गया है। हम बीच में कहीं रास्ता भटक गए थे, लेकिन वैदिक काल में महिलाएं उच्च स्तर पर थीं। वे नीति निर्माता, वे निर्णय निर्माता तथा मार्गदर्शक थीं।

अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति ने हाल ही में लागू महिला आरक्षण विधेयक की भी प्रशंसा की, जिसके तहत संसद और राज्य विधानमंडलों में महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण अनिवार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि एक युगांतकारी विकास हुआ है, जोकि ऐतिहासिक विकास है, और वह लोकसभा और राज्य विधानमंडलों में महिला आरक्षण है। संविधान ने अब लोकसभा और राज्य विधानमंडलों में एक तिहाई आरक्षण प्रदान किया है। इससे वे नीति निर्माण का हिस्सा होंगी, वे कानून बनाने का हिस्सा




होंगी, वे कार्यकारी कार्यों का हिस्सा होंगी, वे प्रेरक शक्ति होंगे। यह इस सदी का बहुत बड़ा विकास है।

वैश्विक स्तर पर भारत में निवेश और व्यापार की असीम संभावनाओं को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति धनखड़ ने जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश ने विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्रर के साथ ऐतिहासिक तेजी से विकास और आर्थिक प्रगति को बढ़ते देखा है। दिन प्रतिदिन भारत में संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं। वैश्विक संस्थाओं द्वारा भारत के विकास पर की गई प्रशंसा को रेखांकित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि मैं आपको एक बात बता सकता हूं। वैश्विक संस्थाएं, आईएमएफ, विश्व बैंक, विश्व आर्थिक मंच और सभी ने कहा है कि भारत विश्व स्तर पर सबसे अधिक संभावनाओं वाला देश है। किसी भी देश में देखें, हम अवसर और निवेश के मामले में सर्वश्रेष्ठ हैं।

देश में गुणवत्तापूर्ण और उद्देश्यपूर्ण शिक्षा प्रदान करने की क्षमता के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा के बिना कोई बदलाव नहीं हो सकता। शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण होनी चाहिए, उद्देश्यपूर्ण होना चाहिए। शिक्षा को डिग्री से परे होना चाहिए। एक के बाद एक डिग्रियां हासिल करना शिक्षा के प्रति सही दृष्टिकोण नहीं है और यही कारण है कि तीन दशकों के बाद देश में एक राष्ट्रीय शिक्षा नीति आई है जो छात्रों को उनकी प्रतिभा का पूरा लाभ उठाने में मददगार है। इस नीति के द्वारा उन्हें डिग्री आधारित शिक्षा से दूर कर दिया गया है। इसमें कौशल शिक्षा और योग्यता पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके साथ ही आप कोर्स भी कर सकते हैं। अपने संबोधन में उपराष्ट्रपति ने इस नीति को अपनाने की अपील उन लोगों से भी की जिन्होंने अभी तक राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को नहीं अपनाया है। 2047 में विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में युवाओं की अहम भूमिका पर जोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि विकसित राष्ट्र का दर्जा हासिल करने के लिए आवश्यक तत्व देश में मौजूद हैं।

# टीआई, एसपी, कलेक्टर, आईजी से 21 बार हुई शिकायत, फिर भी माड़ा पुलिस पीड़ित को नहीं दिला पाई न्याय

**सिंगरौली।** टीआई, एसपी , कलेक्टर , आईजी से 21 बार शिकायत करने के बावजूद माड़ा पुलिस पीड़ित को न्याय नहीं दिला पाये। एक तरफ पुलिस चाहती है कि आम जनता और पुलिस के बीच अच्छे संबंध स्थापित हो। लेकिन जिस तरीके से माड़ा पुलिस ने पीड़ित के साथ किया जा रहा है कहीं न कहीं आम जनता और पुलिस के बीच की जो दूरी है वह बढ़ती हुई दिखाई दे रही है।

अमिलवान निवासी अशोक कुमार कुशवाहा ने एसपी के नाम दिए आवेदन पत्र में बताया है कि ग्राम अमिलवान में स्वत्व एवं आधिपत्य सुदा आराजी नंबर 519/3/1 मैं 35-40 वर्ष पूर्व से कच्चा खपरैल का मकान निर्मित कर माता के द्वारा हिस्से में दिया गया है। जिसमें वह अपने परिवार के साथ निवास रत होकर जीवकोपार्जन कर रहा है। लेकिन उक्त आरजी को 15 जून 2023 को विधिवत सीमांकन कर लिया गया है। पीड़ित परिवार के ही राजलाल कुशवाहा, राजमती कुशवाहा, मुकेश कुशवाहा, मनीष कुशवाहा ने 19 जून को पीड़ित के साथ गाली गलौज कर हिस्से का मकान तोड़कर अपना रास्ता बनाने की धमकी देने लगे। जबकि पूर्व में पुश्तैनी रास्ता ग्रामीण रोड पर स्थित है। पीड़ित ने बताया कि 22 जून को रात्रि में करीब 8 बजे उक्त लोग मेरे मकान की दीवाल को रास्ता बनाने के लिए छेद करने लगे तो पीड़ित के द्वारा कहा गया कि मेरी दीवार गिर जाएगी तो मैं कहां रहूंगा। जिस पर धमकी दी गई की दीवार तोड़ने से मना करोगे तो तुमको इसी दीवार के नीचे दफन कर देंगे। पीड़ित ने आवेदन में बताया कि 24 जून को उक्त लोग मकान की दीवार को गिराने लगे तब जाकर



माड़ा थाना शिकायत किया। लेकिन माड़ा पुलिस के द्वारा कोई सहायता नहीं दी गई। उक्त दिनांक को नायब तहसीलदार माड़ा के समक्ष उक्त लोगों के खिलाफ प्रकरण प्रस्तुत किया जाकर स्थगन आदेश की प्रक्रिया प्राप्त कर थाना माड़ा को एक प्रति दी गई। लेकिन माड़ा के थाना प्रभारी द्वारा मौके पर नहीं जाया गया एवं उक्त लोगों को दीवार गिराने से नहीं मना किया गया। इस कारण से उक्त सभी लोग मेरे घर की दीवाल को गिरा दिये। पीड़ित ने बताया कि इसकी जानकारी तहसीलदार को दी गई। लेकिन उनके द्वारा भी कोई सहायता नहीं की गई। माड़ा पुलिस के द्वारा झगड़ा विवाद के बाद धारा 151 की कार्यवाही की गई। लेकिन जब स्थगन आदेश के बावजूद दीवाल गिराया गया तो ऐसी स्थिति में उक्त लोगों के खिलाफ सिविल जेल की कार्रवाई करनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा माड़ा पुलिस के द्वारा नहीं किया गया। टीआई, एसपी, कलेक्टर, आईजी सभी के पास मिलकर पीड़ित ने 21 बार शिकायत किया। लेकिन अभी तक कोई न्याय नहीं मिला है जिसके चलते पीड़ित मानसिक रूप से काफी परेशान है और उक्त लोगों का हौसला और भी बढ़ गया।

### माड़ा पुलिस दे रही बढ़ावा

पीड़ित ने बताया कि माड़ा पुलिस के इशारे पर अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि माड़ा टीआई के पास 10, पुलिस अधीक्षक 5, कलेक्टर 5 और आईजी के पास एक बार शिकायत किया हूं। इसके बावजूद आज तक माड़ा थाना प्रभारी के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में कहीं ना कहीं पुलिस के कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

### इनका कहना है

*दो भाइयों का बटवारा है। मुकदमा कायम है। स्थगन आदेश का उल्लंघन किया गया था। इसी प्रकरण में इसका भाई जेल भी गया है। स्वतंत्र है कहीं भी शिकायत कर सकता है।*

**नृपेंद्र सिंह**
**थाना प्रभारी माड़ा**

# पत्तों के शुद्ध दोना-पत्तल अपनाएं, पॉलिथीन से दूरी बनाएं : गजेन्द्र

**सिंगरौली।** स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम अंतर्गत पत्तों के दोना-पत्तल को बढ़ावा देने एवं डिस्पोजल, पॉलिथीन के उपयोग को कम करने स्व सहायता समूह एवं आम जनमानस से जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह ने दुकानदारों और आमजनों से अपील की है। दोना-पत्तल के उपयोग एवं उसको बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन ने लगातार प्रयास किया जा रहा है। कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला कलेक्टर ने निर्देशित किया है कि अधिक से अधिक पत्तलों के बने थाली, कटोरी का उपयोग करें। जिससे समूह के आय में वृद्धि के साथ साथ पर्यावरण को सुरक्षा प्रदान की जा सकेगी। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि हमारे सभी त्यौहार शुचिता, स्वच्छता, पवित्रता और पर्यावरण संरक्षण के प्रतीक हैं। जबकि थर्माकोल, पॉलिथीन अन्य बहुत अधिक खतरनाक प्रदूषक हैं। इसलिए इस बार के



त्यौहारों में हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम पूजा-प्रसाद अन्य में पवित्रता के प्रतीक साल, पलास, सखुवा अन्य के पत्तों से निर्मित दोना-पत्तलों का ही प्रयोग करेंगे तथा किसी भी रूप में थर्माकोल की थालियों, प्लेटों व गिलासों का उपयोग नहीं करेंगे। वहीं पत्तो के बने दोना पत्तल आसानी से पर्यावरण में मिल जाते है एवं पशुओं के उपर भी कोई दुष्प्रभाव नही पड़ता है। वही पलास्टिक एवं थर्माकोल से बने बर्तन कटोरी वातावरण को नुकसान पहुंचाते है। इसके साथ-साथ पशुओं द्वारा खायें जाने पर अनेक प्रकार की बीमारी पैदा होती है।

म.प. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से संचालित लगभग 55 स्व सहायता समूहो ने पत्तों के बने दोना-पत्तल का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें ग्राम झुड़िहवा, तेलदह, बरहपान, अमिलिया, साजापानी, नैकहवा एवं बरका के स्व सहायता समूहों ने पत्तो के माध्यम से दोना-पत्तल का निर्माण किया जाता है। वहीं जिला प्रशासन की पहल से पत्तों से बने दोना-पत्तल को बढ़ावा देने के लिए दोना-पत्तल मशीन उपलब्ध कराई जा रही है।

# खिड़कियां टूटी, साफसफाई का अभाव, अव्यवस्थाओं से घिरा छात्रावास

**सिंगरौली।** जिला मुख्यालय बैढ़न से तकरीबन 8 किलोमीटर दूर स्थित शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज पचौर बैढ़न का छात्रावास भवन जहां व्यवस्थाओं से घिरा हुआ है। वही छात्रों को आने को समस्याओं से संघर्ष करना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय से करीब 8 किलोमीटर दूर शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज का बालक छात्रावास अव्यवस्थाओं से घिरा हुआ है। आलम यह है कि छात्रावास भवन के ऊपरी मंजिल की खिड़कियां एवं शीशे कई सालों से टूटे पड़े हुए हैं। इन्हें सुधारने या बदलने की कवायद पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रबंधन की ओर से नहीं किया गया। यहां रहने वाले कॉलेज के छात्रों को गर्मी के महीने में गर्म हवाओं एवं ठंड के महीने में ठंड हवाओं झोको से जहां जोड़ना पड़ता है। वही मच्छरों का आतंक इस कदर है कि छात्र परेशान होकर कॉलेज प्रबंधन को कोसने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते। इतना ही नहीं छात्रावास भवन परिसर जहां घास कचरों का अम्बार बना हुआ है। वही साफ -सफाई भवन की पुताई लगता है कई सालों से नहीं कर गया है। यहां के छात्र ने नाम न छापने के शर्तपर बताया कि ऊपरी मंजिल पर रहने वाले छात्रों को पेयजल संकट से भी जूझना पड़ रहा है। ऊपरी मंजिल में वाटर सप्लाई बंद किया गया है। यदि किसी तरह चालू भी किया जाता है तो सीपेज की समस्या से छात्रों को भोगना पड़ता है। छात्र ने अभी बताया कि यहां रहने वाले छात्रों को कॉलेज प्रबंधन की ओर से केवल टेबल कुर्सी एवं एक बेड मुहैया कराया गया है । इसके अलावा बिजली भवन व पानी शामिल है। अन्य किसी प्रकार की सुविधा नहीं दी जा रही है और ना ही कॉलेज प्रबंधन यहां कभी छात्रों की समस्याओं देखने व सुनने के लिए जरूरत ही नहीं समझा छात्रावास में रहने वाले छात्रों को कॉलेज प्रबंधन भगवान भरोसे छोड़ दिया है। यहां के छात्रों ने कलेक्टर का ध्यान आकृर्षित करते हुए कहा है कि छात्रावास भवन की साफ-सफाई एवं पुताई सहित अन्य सुविधाएं मुहैया कराया जाए। ताकि छात्रों को मूलभूत सुविधाओं से जो जूझना पड़े।

### रेत का अवैध परिवहन करते टीपर वाहन जप्त

**सिंगरौली।** निवास चौकी पुलिस ने बिना टीपी लिए रेत का अवैध परिवहन कर रहे ट्रक को पकड़ा है। अवैध रेत और टीपर वाहन सहित दोनों की कुल कीमत 2 लाख 58 हजार हैं। इस कार्रवाई से रेत कारोबारियों से हड़कंप मचा है। निवास चौकी पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गस्त के दौरान महुआ गांव बरका रोड में चेकिंग के दौरान टीपर क्रमांक एमपी 53 जीए 1950 का चालक वाहन में रेत लोड कर परिवहन करते मिला। जिसे रोक कर टीपी चेक की गई तो वाहन चालक ने कोई भी टीपी नहीं दिखा पाया। वाहन में लोड रेत अवैध रूप से परिवहन करता हुआ पाया गया है। जहां खनिज अधिनियम की अलग-अलग धाराओं में अपराध दर्ज कर ट्रक को जप्त कर लिया गया है और विवेचना की जा रही है।

# हमारी सरकार महिलाओं को स्वावलंबी एवं लखपती बनाने दृढ़ संकल्पित : विश्वामित्र

**सिंगरौली।** हमारी सरकार समूह की महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक एवं सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ाना चाहती है सरकार का दृढ़ संकल्प है की समूह से जुड़ी महिलाएं स्वावलंबी एवं लखपती बनें। उक्त आशय के विचार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक विश्वामित्र पाठक ने सीएलएफ सरौंधा एवं चरकी में आयोजित वार्षिक आम सभा में व्यक्त किए।





ग्राम सरौंधा में चेतना सीएलएफ एवं चरकी में जागृति सीएलएफ की वार्षिक आम सभा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर अतिथियों का माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में समूह की महिलाओं द्वारा स्वगतगीत शैला नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। समूहों से जुड़ कर सफलता प्राप्त दीदीयों द्वारा सफलता की कहानी अपनी जुबानी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में राजेश सिंह सोमवंशी ब्लॉक प्रबंधक ने समूह के कार्यो समूह की गतिविधियों एवं वार्षिक आम सभा आयोजन के उद्देश्यों के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में उपस्थित जनपद अध्यक्ष प्रणव पाठक ने आमसभा आयोजन के लिए बधाई देते हुए समूह के कार्यों में हरसंभव सहयोग की बात कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिहावल विधायक विश्वामित्र पाठक ने कहा की आज महिलाएं हर क्षेत्र में बढ़चढ़ कर भाग ले रही हैं। महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्म निर्भर बनाने के लिए हमारी सरकार हर संभव मदत कर रही है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले समूहों एवं ग्राम संगठनों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर कौशल पांडेय, अमर बहादुर सिंह, बलराम शाहू, एनआरएलएम के अधिकारी कर्मचारी, सीएलएफ, ग्रामसंगठन बड़ी संख्या में समूहों की दीदी एवं गणमान्य मौजूद रहे।

# एमआईसी एवं ननि आयुक्त के बीच बढ़ी तकरार

**ननि के पॉच अधिकारियों पर की गई कार्यवाही को वापस लिये जाने के बाद एमआईसी आयुक्त के आदेश के खिलाफ**

**सिंगरौली।** नगर पालिका निगम में इन दिनों शह और मात का खेल खेला जा रहा है। लेकिन इस खेल का वजीर दागी कार्यपालन यंत्री अपने मंसूबों पर फिर सफल होता नजर आ रहा है। हालांकि महापौर की एमआईसी के फैसले से भ्रष्ट अधिकारी-कर्मचारियों की उलझने बढ़ा दी है। दरअसल दागी कार्यपालन यंत्री और उपयंत्री अनुज सिंह 67 लाख के निर्माण कार्यों के भ्रष्टाचार का बीज बोकर नगर निगम कमिश्नर तक को उलझा दिया है। चर्चा है कि कई ठेकेदारों ने कमिश्नर के खिलाफ पर्दे के पीछे रह कर दागी कार्यपालन यंत्री के मंसूबों को अंजाम देने में लगे हैं। बता दें कि शिवाजी कांप्लेक्स पाइपलाइन और मैनपॉवर सप्लाई मामले में करीब 67 लाख का घोटाला हुआ। इस घोटाले का खुलासा ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय ने किया। लेकिन कई महीने बीत जाने के बाद भ्रष्ट अधिकारी-कर्मचारियों पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। वहीं परिषद बैठक में निगम अध्यक्ष और पार्षदों का दबाव बढ़ा तो आयुक्त ने अधिकारियों को दोषी मानते हुए। जहां पहले निलंबित किया और प्रभार छीना तो वहीं महीने भर के भीतर ही दागी कार्यपालन यंत्री से लेकर घोटाले बाज उपयंत्री तक को बहाल कर दिया। हालांकि 2 दिन बाद ही मेयर इन काउंसिल ने आयुक्त से इतर फैसला लेते हुए अनियमितता करने वाले सभी दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही को सही माना। जिसके बाद आयुक्त और महापौर में तकरार बढ़ गई है। महापौर रानी अग्रवाल ने अपने फेसबुल एकाउंट से एक पोस्ट सेयर किया है। जिसमें लिखा कि मेयर इन काउंसिल आगामी बैठक में जांच कार्यवाही की पूरी रिपोर्ट पेश कर ने और जांच पूरी होने तक संबंधित पदाधिकारियों को उनके पदीय कार्यों से पृथक किये जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया। मेयर इन काउंसिल के फैसले से नगर निगम सहित गेम चेंजर सफेद पोशों के किए कराई पर पानी गिर गया। परिषद बैठक में विधायक रामनिवास साह ने कहा था कि यदि घोटाले बाज अधिकारियों पर कार्यवाही नहीं हुई तो मैं इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री से बात करूंगा। साथ ही विधानसभा में उठाऊंगा। विधायक के बोलने के बाद भी आखिर आयुक्त पर ऐसा कौन सा दबाव आ गया कि वह भ्रष्ट कार्यपालन यंत्री से लेकर उपयंत्री तक दया दिखा दी। हालांकि चर्चा है कि यह कोई दया नहीं बल्कि किशन की लीला है। जो मां लक्ष्मी के इर्द गिर्द घूम रही है। वहीं अब आयुक्त दया किशन से फिरकी कौन ले रहा यह अभी भी अबूझ पहेली बनी हुई है।

# सिंगरौली पुलिस का लगातार जारी है विशेष जागरुकता अभियान स्वयंसिद्धा

**सिंगरौली।** पुलिस मुख्यालय की मंशानुसार एसपी निवेदिता गुप्ता के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय हाई स्कूल अजगुढ़ में आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम स्वयंसिद्धा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ मॉ सरस्वती जी का पूजन अर्चन एवं पुष्प अर्पण कर की गई। निरीक्षक कपूर त्रिपाठी, थाना प्रभारी मोरवा, सउनि अशोक सिंह तोमर, महिला सुरक्षा शाखा एवं पुलिस स्टाफ सहित



प्राचार्य छाया गोयल, प्रधानाध्यापक रामेश्वर प्रसाद गुर्जर, राम विशाल पनिका, राजकुमार सिंह, आकांक्षा सिंह, रूपाली ओंकर, ममता देवी, अतिथि शिक्षक गण जगदीश खैरवार, शैलेंद्र सिंह बैंस, संजीव गोयल, जया देवी एवं सेल्फडिफेंस टेक्निकल डायरेक्टर गणेश सिंह, खुशबू साकेत अपनी टीम सहित उपस्थित रहे। विद्यालय में उपस्थित लगभग 330 से अधिक छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षित किया गया एवं नई-नई टेक्निक्स सिखाई गई।

आत्मरक्षा प्रशिक्षण अंतर्गत बालिकाओं एवं महिलाओं के साथ नित्य प्रतिदिन हिंसा, छेड़छाड़, लूटपाट, दुष्कर्म अन्य की अनेकानेक घटनाएं घटित होने की संभावना होने से आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर जूड़ो, कराटे, मार्शल आर्ट्स अन्य का प्रशिक्षण दिया गया।

# कटनी-सिंगरौली रेलवे लाइन पर चलेगा काम, 3 ट्रेन निरस्त, 4 के रूट बदले

**सिंगरौली।** जबलपुर मंडल के न्यू कटनी जंक्शन-सिंगरौली रेलखंड पर दोहरीकरण रेललाइन को जोड़ने के लिए जोबा एवं मड़वास ग्राम स्टेशनों पर प्री-एनआई एवं नॉन इंटरलॉकिंग कार्य किया जाना है। इसके चलते 3 ट्रेनों को निरस्त कर दिया है। जबकि 4 ट्रेनों के मार्ग में बदले गए हैं। वहीं रीवा-सीएमएसटी रीवा ट्रेन की एक ट्रिप निरस्त की गई है। मिली जानकारी के अनुसार निरस्त गाड़ी संख्या 11651 जबलपुर-सिंगरौली इंटरसिटी एक्सप्रेस 28 सितम्बर से 7 अक्टूबर तक तथा गाड़ी संख्या 11652 सिंगरौली-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस 29 सितम्बर से 8 अक्टूबर तक दोनों दिशाओं में 10-10 ट्रिप रद्द की गई हैं। वहीं

**न्यू कटनी जंक्शन-सिंगरौली में दोहरीकरण का होगा काम, जबलपुर मंडल से गुजरने वाली 3 ट्रेनें निरस्त, 4 ट्रेनों के रूट डावर्ट किए हैं**

गाड़ी संख्या 22165 भोपाल-सिंगरौली एक्सप्रेस 28 सितम्बर और 1, 2 एवं 5 अक्टूबर को तथा गाड़ी संख्या 22166 सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस 1, ,3, 4 एवं 8 अक्टूबर को दोनों दिशाओं में चार-चार ट्रिप रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 22167 सिंगरौली-निजामुद्दीन एक्सप्रेस 29 सितम्बर और 2 एवं 6 अक्टूबर को तथा गाड़ी संख्या 22168 निजामुद्दीन-सिंगरौली एक्सप्रेस 30 सितम्बर एवं 3 एवं 7 अक्टूबर को दोनों दिशाओं में तीन-तीन ट्रिप रद्द रहेगी।

30 सितम्बर को मदार जंक्शन से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 19608 मदार जंक्शन-कोलकाता एक्सप्रेस अपने परिवर्तित मार्ग वाया कटनी मुड़वारा-सतना-प्रयागराज छिवकी-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-सोन नगर जंक्शन-गढ़वा रोड जंक्शन तथा 3 अक्टूबर को कोलकाता से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 19607 कोलकाता मदार जंक्शन एक्सप्रेस अपने परिवर्तित मार्ग वाया गढ़वा रोड जंक्शन-सोन नगर जंक्शन-पंडित दीनदयाल उपाध्याय-प्रयागराज छिवकी-सतना-कटनी मुड़वारा होते हुए गंतव्य को जाएगी।

# प्राथमिक शाला भवन की छत से टपकता है पानी

**सिंगरौली।** साल 2008 में सीधी जिले से अलग कर सिंगरौली को जिला बनाया गया। लेकिन व्यवस्थाएं आज भी मुख्यालय में संचालित विद्यालयों कि दुरस्त नहीं हो पाई तो ग्रामीण अंचलों की क्या होगी यह बखूबी समझा जा सकता है। साल 1987 में वर्तमान बैढ़न मुख्यालय के हृदय स्थलीय में बिना बाउंड्री के शासकीय प्राथमिक विद्यालय बिलौंजी में बनवाया गया। विद्यालय भवन जर्जर हालत में हैं। छत से पानी टपकता दीवारों में सीलन हैं साथ ही विद्यालय ना बाउंड्री बनी और ना ही शौचालय की व्यवस्था में सुधार हुआ। आवारा पशुओं से बच्चों के जान को खतरा है। स्वच्छता का पाठ पढ़ाने वाले विद्यालय के





शौचालय में गंदगी का अंबार है। आज भी बच्चे सीलन लगी क्षत और दीवार के नीचे पढ़ने को मजबूर हैं। गौरतलब हैं कि जिला बनने के 15 साल बाद भी शासकीय प्राथमिक विद्यालय बिलौंजी संचालन व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सरकारी स्कूल भवन जर्जर हालत में हैं। छत से पानी टपक रहा है। दीवालों में सीलन हैं तो वहीं सुरक्षा के लिए बाउंड्री का निर्माण कार्य 37 साल से पेंडिंग में है। स्कूल में 38 छात्र और 42 छात्राएं अध्ययनरत हैं। जबकि इन बच्चों को बढ़ाई का जिम्मा तीन शिक्षकों पर हैं। विद्यालय में बाउंड्री नहीं बनें होने से स्कूल परिसर में मवेशी पहुंच रहे हैं। जिससे मासूमों के साथ कब बड़ा हादसा हो जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। स्कूल परिसर में गोबर और गोमूत्र से बच्चे और शिक्षक दोनों परेशान हैं। साथ ही स्कूल की बाउंड्री न होने के कारण असामाजिक तत्व दिन ढलते ही स्कूल परिसर में बैठकर शराब, गांजा पीते हैं और बोतलों को वहीं पर फेंक जाते हैं। स्कूल में बाउंड्री न होने के कारण छात्रों व शिक्षकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

छात्रों के लिए टूटे-फूटे शौचालय हैं। वहां की हालत देखकर और बदबू से कोई अच्छा-भला इंसान भी बीमार पड़ जाए। शौचालय से लगें पेड़ होने से शौचालय में सूखी पत्तियों के साथ जंगली वेल उग गई है। देखने से पता चलता है कि वहां वर्षो से सफाई नहीं हुई लगती। सवाल है कि शिक्षा विभाग बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर बड़ी डींगे हांकता है। निरीक्षण भी होते आए हैं। लेकिन सुधार शून्य है।

सरकारी स्कूलों में नामांकन बढ़ाने के साथ ही अच्छी सुविधा देने का दावा करती है। लेकिन हकीकत इससे एकदम अलग है। प्राथमिक स्कूल बिलौजी में छात्रों के लिए शुद्ध पेय जल की व्यवस्था नहीं है और ना ही पानी की शुद्धता की जांच कराने की ही कोई व्यवस्था है। ऐसे में मजबूर होकर बच्चे घर से ही पानी लेकर आ रहे हैं या फिर हैंडपंप का पानी पीने को मजबूर हैं। यह अलग बात है कि दिखानें के लिए यहां नल की 6 टोंटियां लगी है। लेकिन पानीं किसी में नहीं आता। बच्चे स्कूल में लगें हैंडपंप से अपनी प्यास बुझाते हैं। जबकि कोयलांचल का पानी दूषित हो चुका है।

# कलेक्टर खाद के भण्डारण तथा वितरण पर कड़ी निगरानी रखें : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दिए निर्देश



**सीधी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि आदान एवं सोयाबीन के उपार्जन के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। कलेक्टर खाद के उठाव, भण्डारण और वितरण की कड़ी निगरानी रखें। खाद और बीज की गुणवत्ता की नियमित जाँच कराएं। खाद की कालाबाजारी तथा मिलावट करने वालों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को डीएपी खाद के स्थान पर यूरिया और एनपीके खाद के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करें। वर्ष 2023-24 में डीएपी के स्थान पर 26 प्रतिशत किसानों ने वैकल्पिक खाद का उपयोग किया जो खरीफ फसल में बढ़कर 45 प्रतिशत हो गया है। किसानों को नैनो यूरिया तथा नैनो डीएपी के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित करें। खाद की बिक्री के लिए जहाँ आवश्यक हो वहाँ डबल लाक सेंटर में निजी विक्रेताओं को खाद बेचने की अनुमति दें। साथ ही अतिरिक्त बिक्री केन्द्र बनाएं। कलेक्टर यह व्यवस्था सुनिश्चित करें कि किसानों को सरलता से खाद मिल सके। प्रभारी मंत्री अपने प्रभार के जिलों में खाद और बीज वितरण की नियमित समीक्षा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोयाबीन के उपार्जन के लिए प्रदेश भर में 1400 से अधिक खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। जहाँ आवश्यक हो वहाँ नए खरीदी केन्द्र कलेक्टर बना लें। खरीदी केन्द्रों के साथ किसान 20 अक्टूबर तक ऑनलाइन पंजीयन भी करा सकते हैं। सभी खरीदी केन्द्रों में सोयाबीन के उपार्जन एवं भण्डारण की उचित व्यवस्था करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के कुछ स्थानों में भारी वर्षा से फसलों को हानि हुई है। कलेक्टर क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कराकर किसानों को फसल बीमा तथा अन्य लाभ देना सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि, दशहरा तथा दीपवली सहित कई त्यौहार आगामी महीनों में मनाए जाएंगे। त्यौहारों के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए उचित प्रबंध करें। असामाजिक तत्वों पर लगातार कार्यवाही करें। कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी छात्रावास, स्कूल तथा कालेज का नियमित रूप से निरीक्षण करें। वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के सुधार का कार्य तत्काल शुरू कराएं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण की सतत निगरानी करें। वितरण में गड़बड़ी करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। सड़कों से निराश्रित गौवंश को हटाने के लिए भी प्रभावी कार्यवाही करें। मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंत्रीगणों, सांसद तथा विधायकगणों से संवाद किया।

कलेक्टर कार्यालय से वीडियो कान्फ्रेंसिंग में जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक डॉ रविन्द्र वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमान राज, अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजन उपकरण के चिन्हांकन एवं मेडिकल बोर्ड प्रमाण पत्र के लिए विकासखंडवार शिविर आयोजित

## 284 दिव्यांग जनों के बने प्रमाणपत्र, 282 दिव्यांगजनों को उपकरण के लिए किया गया चिन्हांकित



**सीधी।** कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन और अपर कलेक्टर एवं उपसंचालक सामाजिक न्याय श्री राजेश शाही के मार्गदर्शन में जिले के सभी जनपदों में दिव्यांगजन उपकरण हेतु चिन्हांकन और मेडिकल बोर्ड प्रमाण पत्र (यूडीआईडी कार्ड) तैयार करने के लिए 5 दिवसीय शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का उद्देश्य दिव्यांग व्यक्तियों को सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए चिन्हांकन करना और जिनके पास यूडीआईडी कार्ड नहीं थे, उनके प्रमाण पत्र मेडिकल बोर्ड द्वारा तैयार करना था।

जनपद पंचायत सिहावल में 31 दिव्यांगजनों का उपकरण हेतु चिन्हांकन किया गया तथा 46 व्यक्तियों के मेडिकल बोर्ड (यूडीआईडी कार्ड) प्रमाण पत्र बने। जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में उपकरण हेतु चिन्हांकन 80 तथा 59 दिव्यांगजन मेडिकल बोर्ड प्रमाण पत्र बने, जनपद पंचायत मझौली में उपकरण हेतु चिन्हांकन 40 तथा 73 दिव्यांगजन मेडिकल बोर्ड प्रमाण पत्र बने, जनपद पंचायत कुसमी में उपकरण हेतु चिन्हांकन 17 तथा 60 दिव्यांगजन मेडिकल बोर्ड प्रमाण पत्र बने, जनपद पंचायत सीधी में उपकरण हेतु चिन्हांकन 114 तथा 46 दिव्यांगजन मेडिकल बोर्ड प्रमाण पत्र बने।

इस शिविर में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के सीनियर फिजियोथेरेपिस्ट डॉ दीपक त्रिपाठी व पुनर्वास विशेषज्ञ विशेष शिक्षक शिवांसु शुक्ला द्वारा दिव्यांगजन को उनके मेडिकल प्रमाण पत्र और उपकरण चिन्हांकन हेतु महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया गया। इनके समर्पण ने शिविर को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। शिविर के आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं और सहयोग प्रदान किया, जिससे दिव्यांग जनों को समय पर सभी सुविधाएं मिल सकीं। इसके साथ ही, मेडिकल बोर्ड के चिकित्सकों डॉ. अरविंद सोनी, डॉ. लक्ष्मण पटेल, डॉ. प्रियंका मँडराह, डॉ. अविनाश जान धुर्वे, डॉ. हिमेश पाठक, डॉ. रवि शंकर पटेल और ऑडियोलॉजिस्ट अलिसा नाज ने भी इस शिविर में सक्रिय भागीदारी निभाई। इन सभी चिकित्सकों के सहयोग से मेडिकल प्रमाण पत्र तैयार करने की प्रक्रिया सुगम हुई। इसके अतिरिक्त, समस्त जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं समग्र सामजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी सूरज सिंह, प्रदीप द्विवेदी, जयराज सिंह, नारायण बैगा, प्रीती वर्मा ने दिव्यांग जनों को शिविर तक लाने और ले जाने, साथ ही शिविर आयोजन व्यवस्था सुनिश्चित करने में भी सहयोग प्रदान किया, ताकि शिविर सफलतापूर्वक संचालित हो सके। जिन दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्रों की जांच की आवश्यकता थी उन्हें सिविल सर्जन डॉ. दीपारानी इसरानी के निर्देशानुसार, मंगलवार और गुरुवार को मेडिकल बोर्ड में उपस्थित होकर जांच कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# गाँधी विद्यालय के छात्र छात्रों का सम्भाग स्तरीय क्रिकेट फुटबॉल प्रतियोगिता में हुआ चयन



**सीधी।** सीधी जिला के उत्कृष्ट विद्यालय में जिला स्तरीय क्रिकेट फुटबॉल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमे गांधी विद्यालय के कई खिलाड़ियों ने क्रिकेट फुटबॉल में हिस्सा लिया और इनका चयन सम्भाग स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता में हुआ क्रिकेट बालक मिनी, कार्तिकेय शिन्हा यशवर्धन सिंह आदित्यवर्धन सिंह नैतिक सिंह मरकाम त्रिशू मिश्रा सुशांत सिंह फुटबॉल बालक मिनी अब्दुल चिश्ती रहमान अनादि कृष्णन गुप्ता ऋषभ सिंह इन सभी खिलाड़ी सम्भाग स्तरीय क्रिकेट फुटबॉल प्रतियोगिता में चयनित हुये। इसका अयोजन सीधी जिले में दिनांक 29 सितम्बर से 30 सितम्बर तक किया जाएगा। इन सभी खिलाड़ियों को विद्यालय के प्रबंधक फादर थोमस तेलेकाट प्राचार्या सिस्टर लिन्सी, वाईस प्राचार्या सिस्टर हेलेना माननीय जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. प्रेमलाल मिश्रा जिला क्रीड़ा अधिकारी हरिशंकर पांडे ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी दिलीप वर्मा पीटीआई किर्ती सिंह, मोहम्मद अशरफ, आर.बी. सिंह, नुरुस्लाम मंडलिक मिश्रा, खेल युवा कल्याण विभाग खेल प्रशिक्षक मनिन्द खान माखन मिश्र, सूरज शुक्ला, रोशन जायसवाल, गाँधी विद्यालय के पीटीआई मो0 मामून अन्सारी, पीटीआई हेलेन तिर्की एवं विद्यालय के समस्त परिवार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

# क्राइस्ट ज्योति स्कूल के 18 छात्रों का संभाग स्तरीय के लिए चयन



**सीधी।** सीधी जिला के उत्कृष्ट विद्यालय में फुटबॉल, क्रिकेट, कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें क्राइस्ट ज्योति स्कूल के कई खिलाड़ियों ने फुटबॉल, क्रिकेट, कबड्डी में हिस्सा लिए और इनका चयन संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता में हुआ फुटबॉल बालिका मिनी अनन्या द्विवेदी ,अंशुमिता सिंह, शानवी अनन्या द्विवेदी, आराध्या पांडे ,प्रियांशु सिंह ,शुभी सिंह, अर्पिता पांडे, आर्ना त्रिपाठी, पूर्वी तिवारी, बालक मिनी में आर्यदेव सिंह चौहान, श्याम मुरारी साहू, हिमांशुधर द्विवेदी, प्रिंस गुप्ता, मयंक सिंह और बालक मिनी कबड्डी में ध्रुव सिंह और बालक मिनी क्रिकेट में आर्यदेव सिंह चौहान, जीवेश का जिला इन सभी खिलाड़ी संभाग से फुटबॉल, क्रिकेट, कबड्डी में प्रतियोगिता यह में चयनित हुए इसका आयोजन सीधी जिले में दिनांक 29 सितंबर से 30 सितंबर तक किया जाए इन सभी खिलाड़ियों को विद्यालय के प्रबंधक फादर सिजो जोसेफ तथा सिस्टर डेला पोल, माननीय जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर प्रेमलाल मिश्रा, जिला क्रीड़ा अधिकारी हरिशंकर पांडे, ब्लॉक अधिकारी दिलीप वर्मा, स्कूल पीटीआई कीर्ति सिंह, मोहम्मद अशरफ, नुरुस्लाम सलाम, मांडलिक मिश्रा, खेल युवा कल्पण विभाग खेल परीक्षक मानिंद खान, सूरज शुक्ला, मखन मिश्रा, विक्की परिहार, मोहम्मद अंसारी, क्राइस्ट ज्योति स्कूल के पीटीआई रोशन जायसवाल एवं विद्यालय के समस्त परिवार ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

# समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन हेतु किसान पंजीयन की अंतिम तिथि 04 अक्टूबर

**सीधी।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने जानकारी देकर बताया है कि खरीब विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन हेतु किसान पंजीयन का कार्य जिले में किया जा रहा है। जिले में पंजीयन केन्द्र सीधी खुर्द (कृषि उपज मण्डी) अमरवाह, धनहा, सारोकला, माटा सेमरिया, गांधीग्राम, साड़ा, बड़ाटीकट, सपही, चन्दवाही, अमरपुर, अमिलिया, ताला, मझौली, मड़वास, गिजवार, टिकरी, रामपुर नैकिन, कुडिया, कन्धवार, बडखडा, चुरहट, बेलदह, गुजरेड, खड्डी, बमुरी, बघोर, बिठौली, अमिरती, टमसार, लुरघुटी, भुईमाड़ समितियों पर पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। समस्त किसान भाईयों से अनुरोध है कि अपनी सुविधा को ध्यान रखते हुये उपरोक्त पंजीयन केन्द्रों पर निःशुल्क अथवा नजदीकी सी.एस.सी. या कियोस्क सेन्टर पर दिनांक 19.09.2024 से 04.10.2024 तक अपना पंजीयन करायें।

# सपा कार्यालय में अमर शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई

**सीधी।** समाजवादी पार्टी जिला इकाई सीधी के तत्वाधान में आज दिनांक 28 सितंबर दिन शनिवार को दोपहर 2:00 बजे पार्टी कार्यालय में अमर शहीद भगत सिंह जी की जयंती का कार्यक्रम मनाया गया इसके उपरांत भगत सिंह जी की जीवनी पर विचार संगोष्ठी का कार्यक्रम किया गया तत्पश्चात अमर शहीद भगत सिंह जी की जयंती के शुभ अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष के आदेशानुसार एवं प्रदेश सचिव श्रवण कुमार विश्वकर्मा धर्मेंद्र सिंह बघेल प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष रामराज यादव के मार्गदर्शन में जिला पार्टी कार्यालय में अमर शहीद भगत सिंह जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह पटेल के द्वारा की गई कार्यक्रम का संचालन शहर अध्यक्ष समर बहादुर के द्वारा किया गया आभार प्रमुख महासचिव दिनेश सिंह ने किया पार्टी पदाधिकारीयों कार्यकर्ताओं के उपस्थिति में किसनो की जन समस्याओं को लेकर जिला कलेक्ट्रेट मे पहुंच कर महामहिम राज्यपाल के नाम कलेक्टर महोदय के माध्यम से ज्ञापन पत्र सौपा गया ज्ञापन पत्र में प्रमुख मांगे थी किसनो की फसल सोयाबीन की न्यूनतम मूल 8000 की जाए धान की न्यूनतम प्रति कुंतल 5000 की जाए मक्के की न्यूनतम मूल 3000 की जाए और आवारा पशुओं की समुचित व्यवस्था की जाए आए दिन आवारा पशुओं से दुर्घटनाएं घट रही हैं जिले में नशाखोरी के चलते आए दिन लूटपाट एक्सीडेंट जैसी घटनाएं हो रही हैं इस पर लगाम लगाया जाए एवं और कई मुद्दों को लेकर ज्ञापन पत्र सौपा गया प्रमुख रूप से उपस्थित रहे प्रदेश सचिन श्रवण कुमार विश्वकर्मा प्रदेश सचिव धर्मेंद्र सिंह बघेल पूर्व जिला अध्यक्ष रामराज यादव जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह पटेल शहर अध्यक्ष समर बहादुर प्रमुख जिला महासचिव दिनेश सिंह जिला महासचिव राजेश साकेत पूर्व पिछड़ा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुरेश यादव अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष बैजनाथ साकेत एडवोकेट पन्नालाल सोनी मुनेंद्र यादव यज्ञवन गिरी मनोज प्रजापति वंश बहोर यादव रामलाल विश्वकर्मा शिक्षक अतुल गुप्ता मने यादव सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# न्यायालय परिसर सीधी में मनाई गई शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती

**सीधी।** न्यायालय परिसर सीधी में शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती का आयोजन किया गया। जिसमें भगत सिंह के जीवन पर वरिष्ठ अधिवक्ता लालमणि सिंह एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेन्द्र सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता रमाकांत तिवारी, शत्रुधन तिवारी, राकेश चतुर्वेदी, श्रद्धा सिंह अपर लोक अभियोजक द्वारा प्रकाश डाला गया। भगत सिंह की जयंती का आयोजन न्यायालय परिसर में पहली बार किया गया।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य शिविर का होगा आयोजन

सीधी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम अंतर्गत अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस दिनांक 01.10.2024 को न्यू एम.सी.एच. विंग जिला चिकित्सालय सीधी में प्रात: 9 बजे से सायंकाल 4 बजे तक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. दीपारानी इसरानी द्वारा आदेश जारी कर शिविर हेतु विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

जारी आदेशानुसार डॉ. प्रभावती तिवारी स्त्रीरोग विशेषज्ञ, डॉ. राजेश कुमार कोल शल्य क्रिया विशेषज्ञ, डॉ. प्रियंका मड़राह नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ. पंकज तिवारी चिकित्सा अधिकारी, डॉ. रवि कुमार पटेल चिकित्सा अधिकारी, डॉ. माधुरी उईके दन्त रोग चिकित्सक, डॉ. अलिशा नॉज डॉडियोलिस्ट, डॉ. रंजना सिंह फिजियोथेरेपिस्ट, संजय पाण्डेय लैब टेक्नीशियन, मोनिका द्विवेदी नर्सिंग ऑफिसर, सौरभ सोनी संविदा मेल नर्सिंग ऑफिसर एवं महेश प्रसाद केवट वार्डवाय की ड्यूटी लगाई गई है।

उन्होने समस्त विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सुबह 09 बजे से सायं 4 बजे तक जिला चिकित्सालय सीधी में आये हुये वृद्धजन का उपचार करना सुनिश्चित करेंगे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बहरी बना प्रदेश का उत्कृष्ट डिलीवरी प्वाइंट



सीधी

सीधी जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सिहावल अंतर्गत डॉ अमित कुमार वर्मा के नेतृत्व में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहरी को गत दिवस 27 सितंबर 2024 को मध्य प्रदेश में उत्कृष्ट प्राथमिक स्वाथ्य केंद्र एल-1 डिलीवरी प्वाइंट के लिए मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ।

उल्लेखनीय है कि संस्था में प्रतिदिन 8-10 प्रसव होते हैं, जहां वर्ष 2023 में 1890 सफल प्रसव कराए गए और 10500 ओपीडी मरीजों को उपचार प्रदान किया गया। बहरी में एक चिकित्सक डॉ अमित कुमार वर्मा, तीन नर्सिंग ऑफिसर तथा एक एएनएम पदस्थ हैं। सीमित संसाधनों में डॉ वर्मा के कुशल नेतृत्व में जनता को उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। पीएचसी बहरी में प्रसव के साथ सुरक्षित गर्भपात की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

पीएचसी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विधायक सिहावल श्री विश्वामित्र पाठक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीधी एवं खंड चिकित्सा अधिकारी सिहावल के द्वारा शुभकामनाएं दी गई हैं और संस्था के उन्नयन हेतु शासन से अपेक्षा की गई है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी उत्कृष्ट कार्य हेतु बहरी संस्था प्रभारी को 26 जनवरी 2024 में गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कृत किया गया है।

# प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की बैठक आयोजित

## जनजाति बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास के होंगे प्रयास



**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान की समीक्षा बैठक नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमान राज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। आयोजित बैठक में 17 विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित हुये, जिन्हें पी.एम. जनजाति उन्नत ग्राम अभियान के लक्ष्यों एवं उद्देश्यों से अवगत कराया गया।

नोडल अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री जी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल में जनजाति बाहुल्य ग्रामों और आकांछी जिलों में जनजाति परिवारों के लिए परिपूर्णता लक्ष्य को अपनाकर जनजाति समुदाय की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार हेतु 79156.00 करोड़ रूपये अभियान की मंजूरी दी गई है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सक्षम बुनियादी ढांचा विकसित करना, आर्थिक सशक्तीकरण को ब?ावा देना, अच्छी शिक्षा तक पहुंच का सार्वभौमीकरण एवं स्वस्थ जीवन और गरिमा पूर्ण वृद्वावस्था व्यतीत करना है। उक्त अभियान के तहत आकांछी जिला सीधी के 134 ग्रामों को सम्मिलित किया गया है। जिसमें सीधी विकासखण्ड के 48, कुसमी विकासखण्ड के 37, मझौली विकासखण्ड के 24, रामपुर नैकिन विकासखण्ड के 11 एवं सिहावल विकासखण्ड के 14 गॉव सम्मिलित हैं।

इस अभियान के तहत सत्रह विभाग क्रमशः ग्रामीण विकास विभाग, जलशक्ती विभाग, विद्युत विभाग, नवीन एवं नवीकरणीय, उर्जा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, जिला आयुष विभाग, दूरसंचार विभाग, कौशल विकास एवं उद्यमिता, इलेक्ट्रानिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, मत्स्य पालन विभाग, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, पंचायती राज विभाग एवं पर्यटन विभाग सम्मिलित हैं। बैठक में इन विभागों की कार्य योजना के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई, इसके अतिरिक्त जनजातीय क्षेत्रों की विशिष्ट आवश्यकताओं और अपेक्षाओं के आधार पर तथा राज्यों एवं अन्य हितधारकों के साथ विचार विमर्स के बाद जनजातीय और वनवासी समुदायों के बीच अजीविका को बढ़ावा देनें एवं आय अर्जित करनें के लिए कुछ नवीन योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही संभावित तिथि 02 अक्टूबर को आयोजित होने वाले पी.एम.जनजाति उन्नत ग्राम अभियान मेगा इवेन्ट के आयोजन के संबंध में चर्चा की गई।

## संपादकीय

### तैयारी क्यों नहीं

अगर मुंबई देश की वित्तीय राजधानी है तो पुणे को भी सांस्कृतिक राजधानी के तौर पर जाना जाता है। देश के इन दो महत्वपूर्ण शहरों का पिछले दो दिनों में भारी बारिश ने जो हाल किया, वह हमारी टाउन प्लानिंग और इन्फास्ट्रक्चर मेंटेनेंस पर गंभीर सवाल खड़े करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बारिश से उपजे हालात के ही चलते ही गुरुवार को पुणे की अपनी प्रस्तावित यात्रा रद्द करनी पड़ी।बुधवार को हुई भारी बारिश ने ही मुंबई समेत महाराष्ट्र के कई शहरों मे जनजीवन अस्तव्यस्त कर दिया था। उड़ानें तो बडी संख्या में बाधित हुई ही, रेल और सड़क यातायात व्यवस्था भी बुरी तरह प्रभावित हुई। शहर इन चुनौतियों से निपटने की कोशिश कर ही रहे थे कि मौसम विभाग ने गुरुवार के लिए भी रेड अलर्ट जारी कर दिया।इसे देखते हुए प्रशासन ने तत्काल सार्वजनिक अपीलें जारी करनी शुरू कर दी। मुंबई में लोगों से बहुत जरूरी न होने पर घर ही में रहने को कहा गया। स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी की भी घोषणा कर दी गई। कई कंपनियों ने अपने कर्मचारियों को घरों से ही काम करने को कह दिया। पुणे जिला प्रशासन ने भी स्कूलों में छुट्टी का ऐलान कर दिया।असल में इस तरह घरों में बैठकर सुरक्षित महसूस करने की सुविधा आबादी के एक छोटे से हिस्से को ही मिलती है। एक बड़ा वर्ग ऐसा होता है, जिसे रोज कमाना पड़ता है। इन लोगों को किसी भी हालात में घर से बाहर निकलना पड़ता है। यही वजह है कि सरकार की इन घोषणाओं के बावजूद न केवल बड़ी संख्या में लोग जहां-तहां फंसे रहे बल्कि कुछ लोगों के मरने की भी खबरें हैं।ऐसा नहीं है कि सरकारी तंत्र हाथ पर हाथ रखे बैठा है। नैशनल डिजास्टर रेस्पॉन्स फोर्स की 18 टीमें और स्टेट डिजास्टर रेस्पॉन्स फोर्स 6 टीमें राज्य के अलग-अलग हिस्सों में तैनात हैं। अन्य विभागों के कर्मचारी भी हालात से निपटने के प्रयासों में पूरी ताकत झोंके हुए हैं।दिक्कत यह है कि ये सारे प्रयास तात्कालिक स्वरूप के हैं। सवाल तो तैयारियों का है। मुंबई महानगरपालिका देश की सबसे अमीर महानगरपालिका है। करीब 60 हजार करोड़ रुपये का उसका सालाना बजट है। फिर भी अगर अंधेरी में पानी से डूबी सड़क पर खुले मैनहोल में गिरकर एक महिला की मौत हो जाती है तो सवाल उठता है कि समय रहते इन नरभक्षी मैनहोलों को बंद करने जैसे काम यह महानगरपालिका क्यों नहीं करवा पाती। बात सिर्फ मुंबई या पुणे तक सीमित नहीं है।

# बढ़ती हुई जनसंख्या और सीमित संसाधनों का जोखिम

**जनसंख्या वृद्धि के कारण दुनिया के कई देशों में संसाधनों का बंटवारा ठीक तरह से नहीं हो पाता है। वहीं, कई देशों में वहां की बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में उपलब्ध संसाधन अब कम पड़ने लगे हैं। जाहिर है कि यदि किसी भी देश की जनसंख्या लगातार तीव्र गति से बढ़ेगी तो उसी अनुपात में वहां उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव भी बढ़ेगा। इसे भारत के संदर्भ में देखा जाए तो 13 सितंबर 2024 को भारत की जनसंख्या लगभग 1,453,567,738 थी, जो विश्व की कुल जनसंख्या (लगभग 8,176,283,486) का करीब 18 प्रतिशत है। गौरतलब है कि विश्व के महज ढ़ाई प्रतिशत भू?भाग पर दुनिया की कुल जनसंख्या का लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा जीवन यापन करने के लिए विवश है।**

(चेतनादित्य आलोक)

यदि संसाधनों का वितरण आबादी के अनुपात में हुआ होता अथवा कहा जाए कि जनसंख्या में वृद्धि संसाधनों के अनुकूल ही हुआ होता तो युद्धग्रस्त गाजा पट्टी और सूडान में बिगड़े खाद्य सुरक्षा के हालातों के कारण करोड़ों लोगों को खाद्य सामग्री का अभाव नहीं झेलना पड़ता।

बेतहाशा बढ़ती हुई जनसंख्या आज दुनिया की सबसे बड़ी परेशानियों में से एक बन चुकी है। जनसंख्या वृद्धि के कारण दुनिया के कई देशों में संसाधनों का बंटवारा ठीक तरह से नहीं हो पाता है। वहीं, कई देशों में वहां की बढ़ती जनसंख्या के अनुपात में उपलब्ध संसाधन अब कम पड़ने लगे हैं। जाहिर है कि यदि किसी भी देश की जनसंख्या लगातार तीव्र गति से बढ़ेगी तो उसी अनुपात में वहां उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव भी बढ़ेगा। इसे भारत के संदर्भ में देखा जाए तो 13 सितंबर 2024 को भारत की जनसंख्या लगभग 1,453,567,738 थी, जो विश्व की कुल जनसंख्या (लगभग 8,176,283,486) का करीब 18 प्रतिशत है। गौरतलब है कि विश्व के महज ढ़ाई प्रतिशत भू?भाग पर दुनिया की कुल जनसंख्या का लगभग 18 प्रतिशत हिस्सा जीवन यापन करने के लिए विवश है। जरा सोचिए कि ऐसे में क्या देश में मौजूद प्राकृतिक संसाधनों पर अनावश्यक दबाव नहीं पड़ेगा। आंकड़ों पर नजर डालें तो इसी वर्ष अप्रैल के अंत में जारी संयुक्त राष्ट्र की 'ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस' के अनुसार आज दुनिया भर के कुल 59 देशों के लगभग 28.2 करोड़ लोग भूख से तड़पने के लिए मजबूर हैं। रपट के अनुसार युद्धग्रस्त गाजा पट्टी और सूडान में बिगड़े खाद्य सुरक्षा के हालातों के कारण 2022 में 2.4 करोड़ से भी अधिक लोगों को खाद्य सामग्री के अभाव में भूखे रहना पड़ा था।

यदि संसाधनों का वितरण आबादी के अनुपात में हुआ होता अथवा कहा जाए कि जनसंख्या में वृद्धि संसाधनों के अनुकूल ही हुआ होता तो युद्धग्रस्त गाजा पट्टी और सूडान में बिगड़े खाद्य सुरक्षा के हालातों के कारण करोड़ों लोगों को खाद्य सामग्री का अभाव नहीं झेलना पड़ता। गौरतलब है कि यूक्रेन और सूडान से कई देशों को गेहूं समेत अन्य खाद्य सामग्रियों की



आपूर्ति की जाती है, तब उन आयातक देशों के निवासियों का पेट भरता है। देखा जाए तो संयुक्त राष्ट्र की रपट इस बात की ओर भी साफ संकेत करती है कि जैसे?जैसे विश्व भर में जनसंख्या बढ़ती गई वैसे?वैसे ही भूखे लोगों की संख्या में भी लगातार वृद्धि होती गई। बता दें कि भोजन के अभाव को लेकर रपट जारी करने की शुरूआत संयुक्त राष्ट्र ने 2016 में की थी और 2016 की पहली रपट की तुलना में हालिया रपट में विश्व भर में भूखे लोगों की संख्या में चार गुणा की वृद्धि हो चुकी है। जाहिर है कि यदि जनसंख्या को नियंत्रित नहीं किया गया और विश्व भर में मनुष्य की आबादी इसी प्रकार लगातार और बेतहाशा बढ़ती रही तो दुनिया में भुखमरी की समस्या एक विकराल रूप ले सकती है, जिससे निपटना अत्यंत ही कठिन हो जाएगा, इसमें दो मत नहीं हो सकता, बल्कि सच कहा जाए तो उप?सहारा अफ्रीका के देशों समेत कम संसाधनों वाले गरीब देशों में शायद परिस्थितियां इतनी बिगड़ जाएं कि वहां भुखमरी की समस्या से निपटना असंभव ही हो जाए।

गौर करें तो बढ़ती आबादी के कारण दुनिया भर में संसाधनों का बेतहाशा दोहन लगातार जारी है। इसके परिणामस्वरूप ऊर्जा के विभिन्न स्रोतों यथा कोयला, तेल और प्राकृतिक गैसों आदि पर दबाव अत्यधिक बढ़ गया है, जो भविष्य के लिए बड़े खतरे का संकेत है। इनके अतिरिक्त बढ़ती हुई जनसंख्या के अनुपात में सभी नागरिकों के लिए भोजन, वस्त्र, आवास, पेयजल, दवाइयां इत्यादि सुविधाओं की व्यवस्था करना भी किसी सरकार के लिए सरल कार्य नहीं है। अंग्रेजी अर्थशास्त्री थॉमस रॉबर्ट माल्थस ने सन् 1798 में गणितीय रूप से भोजन और मानव जनसंख्या के बीच के संबंध को प्रदर्शित करते हुए जनसंख्या वृद्धि पर एक निबंध लिखा था। अपने उस लेख में माल्थस ने तर्क दिया था कि जब भी खाद्य आपूर्ति बढ़ती है, तो जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ती है और उपलब्ध संसाधनों की प्रचुरता को समाप्त कर देती है, जिसके परिणामस्वरूप मानव पीड़ा बनी की बनी रह जाती है, जब तक कि मानव जनसंख्या को नियंत्रित नहीं किया जाता। तात्पर्य यह कि यदि तीव्र गति से और लगातार बढ़ती हुई जनसंख्या को नियंत्रित नहीं किया गया तो वह उपलब्ध खाद्य उत्पादन की क्षमता से बहुत आगे निकल जाएगा और संसाधनों के अभाव में भुखमरी, कुपोषण, बीमारी, गरीबी एवं लाचारी जैसी समस्याएं लगातार बनी रहेंगी। देखा जाए तो माल्थस की बातों से हमने कोई सबक नहीं ली, जिसका परिणाम यह हुआ कि आज दुनिया की कुल आबादी 08 अरब से भी अधिक हो चुकी है।

इसका एक दूसरा पक्ष यह भी है कि जनसंख्या बढ़ने और संसाधनों के घटने से देशों पर कर्ज का बोझ बढ़ने लगता है। बिजनेस स्टैंडर्ड की एक रपट के अनुसार सितंबर 2023 तक भारत पर कुल कर्ज का बोझ 205 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया था। वहीं, विश्व आर्थिक मंच की 2021 में जारी एक रपट के अनुसार शिक्षा गुणवत्ता में भारत का स्थान 90वां है। जनसंख्या संबंधी संयुक्त राष्ट्र की 15 नवंबर 2022 को जारी एक रपट के अनुसार वर्ष 2050 तक एशिया महाद्वीप की आबादी लगभग पांच अरब हो जाएगी और सदी के अंत तक दुनिया की आबादी 12 अरब तक पहुंच जाएगी। रपट में यह भी बताया गया था कि 2024 तक भारत और चीन की जनसंख्या बराबर हो जाएगी और 2027 में भारत चीन को पछाड़कर विश्व का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन जाएगा, जबकि संयुक्त राष्ट्र की रपट के आकलन को झुठलाते हुए अप्रैल 2023 में ही चीन को पछाड़कर भारत दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश बन चुका है। फरवरी 2024 में संयुक्त राष्ट्र ने ही अपनी एक और रपट जारी कर इसकी सूचना भी सार्वजनिक की थी। हालांकि 2011 के बाद भारतवर्ष में जनगणना नहीं हुई है। वैसे 1888 में भारत के तत्कालीन वायसराय लॉर्ड डफरिन ने भी जनसंख्या वृद्धि को एक समस्या के रूप में देखा था। उन्होंने तब यह आशंका प्रकट की थी कि भारत में कृषि उत्पादन कम है और अकाल इसलिए पैदा होता है, क्योंकि यहां जनसंख्या बहुत आकि है और लोग तेजी से बढ़ रहे हैं। इसके बावजूद 1871 से 1941 तक भारत की जनसंख्या की औसत वृद्धि दर 0.60 प्रतिशत रही, जबकि इस दौरान दुनिया का औसत 0.69 प्रतिशत ही था। हालांकि 20वीं सदी के पहले दो दशकों में जनसंख्या वृद्धि दर अपेक्षाकृत कम रही। 1931 की जनगणना में जब सामने आया कि भारत में 1921 से 1931 के बीच प्रतिवर्ष एक प्रतिशत की दर से जनसंख्या बढ़ी है तो सभी चौंक गए, लेकिन 1951 के बाद यह दर लगातार बढ़ती हुई लगभग दो प्रतिशत के आसपास पहुंच गई। वैसे हम इस बात के लिए थोड़ा संतोष व्यक्त कर सकते हैं कि 1970 के दशक से देश की जनसंख्या वृद्धि दर में निरन्तर गिरावट दर्ज की जाती रही है, लेकिन यह गिरावट दर अपेक्षाकृत इतनी धीमी रही है कि इसके लिए खुश नहीं हुआ जा सकता।

# एक्शन मिलावटी तो खाना शुद्ध कैसे मिलेगा

**इस दौरान अचानक नकली मावा, मिठाइयां, घी वगैरह पकड़े जाने की खबरें बढ़ जाएंगी। इस तरह की खबरें आपने पिछले साल भी पढ़ी होंगी और गारंटी है कि अगले साल फिर पढ़ेंगे। इसकी वजह है कि मिलावटखोरी का काला धंधा जितना संगठित है, इसके खिलाफ होने वाली कार्रवाई उतनी संगठित नहीं। आमतौर पर यह होता है कि किसी बड़ी घटना के बाद या त्योहारों में रैंडम सैंपलिंग और चेकिंग का मौसम चलता है, फिर सब शांत हो जाता है। मिलावट को जड़ से खत्म करने के लिए कभी ऑपरेशन नहीं चल पाता। इसकी एक वजह संसाधनों की कमी तो है, लेकिन ये कार्रवाइयां कई बार खुद 'मिलावटी' होती हैं। तो जब तक शुद्ध एक्शन नहीं होता, तब तक शुद्ध घी भूल जाइए। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।**

(शैलेंद्र पांडेय)

बड़े मंदिरों में प्रवेश के पहले श्रद्धालुओं से चमड़े की बेल्ट और पर्स तक बाहर रखवा लिया जाता है, ऐसे में जब तिरुपति बालाजी मंदिर में चढ़ने वाले लड्डुओं में चर्बी की मिलावट की खबर आई तो बवेला मचना लाजिमी था। इस मामले में यह हैरानी हो सकती है कि अब मंदिर का प्रसाद भी नहीं बचा, लेकिन कम से कम देश में मिलावट को लेकर कोई हैरानी नहीं होनी चाहिए। यह ऐसा खुला सच है, जिसके बारे में जानते सभी हैं, लेकिन बोलता कोई नहीं। घातक पेस्टिसाइड्स से लेकर सड़े-गले अनाज और ईंट-मिट्टी तक, यह पूछिए कि क्या वह चीज नहीं है, जिसे मिलावटखोर रंग-पोत कर हमारे सामने नहीं परोस रहे।

**शुद्धता का सवाल** - तिरुपति मंदिर के लड्डुओं में चर्बी मिलने की मिलने की बात कही जा रही है। सरकार ने उन वेंडर्स से घी लेना बंद कर दिया है, जो अभी तक सप्लाई कर रहे थे। जांच चल रही है और साथ में राजनीति भी। इस घटना ने तमाम दूसरे मंदिरों में चढ़ रहे प्रसाद को लेकर भी आम जनता के मन में संशय डाल दिया है। लेकिन, सवाल केवल प्रसाद को लेकर नहीं, बल्कि बाजार में बिक रहे तमाम खाद्य पदार्थों को लेकर होना चाहिए।

**घातक नेटवर्क** - देश में बात होती है भूमाफिया, कालाबाजारियों, भ्रष्टाचारियों और आर्थिक घोटाले करने वालों की, लेकिन हकीकत में मिलावटखोरों का नेटवर्क भी इतना ही बड़ा है। एक संगठित अपराध की तरह इस काम को अंजाम दिया जा रहा, जिससे देश का कोई हिस्सा बचा नहीं रहा है। हाल ही में स्टैनफर्ड यूनिवर्सिटी ने कई देशों के खाद्य पदार्थों में घातक मेटल लेड क्रोमेट की मौजूदगी को लेकर स्टडी की। भारत के 17 शहरों से सैंपल लिए गए थे और 14त्र में यह घातक तत्व मिला। गुवाहाटी और चेन्नै से लिए नमूनों में इसकी



मात्रा सबसे ज्यादा थी।

**मसालों में मिलावट** - आपको याद होगा कि कुछ दिनों पहले दिल्ली में 15 टन नकली मसाला पकड़ा गया था। इन मसालों को सड़े हुए चावल, लकड़ी के बुरादे, चोकर, सिट्रिक एसिड वगैरह से तैयार किया गया था। और उसी दौरान सिंगापुर और हॉन्गकॉन्ग से रिपोर्ट आई थी कि भारतीय ब्रैंड के कुछ मसालों की लॉट स्थानीय मानक के अनुरूप नहीं पाई गई।

**स्वास्थ्य से खिलवाड़**-तिरुपति विवाद ने भक्तों की आस्था को चोट पहुंचाई है। मसला इससे भी बड़ा, स्वास्थ्य का है। जो चीजें वाकई जहर हैं, मिलावटखोर उन्हें भी खाने-पीने की चीजों में मिलाने से बाज नहीं आते। बताइए, क्या कोई सीसा खा सकता है, या फिर एसिड, या वॉशिंग पाउडर जिससे आप कपड़े धोते हैं? ये सारी चीजें मिलाई जा रही हैं। हल्दी की चमक को बढ़ाने के लिए लेड का इस्तेमाल होता है। पुराने आलू को एसिड से धो देते हैं ताकि वह नया लगे और महंगा बिके। सब्जियों और अनाज पर रंग चढ़ाया जाता है और दूध में डिटर्जेंट पाउडर घोला जाता है।

**संसद में उठा मुद्दा**-साल 2016 में संसद में यह जानकारी दी गई थी हर तीन में से दो भारतीय मिलावट वाला दूध पी रहा है। और मिलावट भी किसकी, कास्टिक सोडा, डिटर्जेंट, यूरिया और पेंट की। संसद में ही पिछले साल अगस्त में 2022-2023 में हुई जांच के हवाले से बताया गया था कि 25त्र नमूने मिलावटी मिले। इसका मतलब कि हर चौथा शख्स 'जहर' खा रहा है।

**कोरम नहीं, एक्शन चाहिए** - फेस्टिवल सीजन आ रहा है। इस दौरान अचानक नकली मावा, मिठाइयां, घी वगैरह पकड़े जाने की खबरें बढ़ जाएंगी। इस तरह की खबरें आपने पिछले साल भी पढ़ी होंगी और गारंटी है कि अगले साल फिर पढ़ेंगे। इसकी वजह है कि मिलावटखोरी का काला धंधा जितना संगठित है, इसके खिलाफ होने वाली कार्रवाई उतनी संगठित नहीं। आमतौर पर यह होता है कि किसी बड़ी घटना के बाद या त्योहारों में रैंडम सैंपलिंग और चेकिंग का मौसम चलता है, फिर सब शांत हो जाता है। मिलावट को जड़ से खत्म करने के लिए कभी ऑपरेशन नहीं चल पाता। इसकी एक वजह संसाधनों की कमी तो है, लेकिन ये कार्रवाइयां कई बार खुद 'मिलावटी' होती हैं। तो जब तक शुद्ध एक्शन नहीं होता, तब तक शुद्ध घी भूल जाइए। ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## वर्ग पहेली 5506

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | 6 |
| 7 | | ■ | 8 | | | | |
| ■ | 9 | 10 | | ■ | | ■ | ■ |
| 11 | ■ | | ■ | 12 | | ■ | 13 |
| | ■ | 14 | | | ■ | 15 | |
| 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 | | |
| ■ | | ■ | 20 | | | ■ | ■ |
| 21 | | | ■ | | ■ | 22 | ■ |

संकेत: बाएं से दाएं

1. सन् 2000 में यह भारत का 28 वां राज्य बना (4)
4. तुल्यता, बराबरी, संतुलन (3)
7. बायां, चंद्रमा के रथ के एक घोड़े का नाम (2)
8. जिससे काम निकल जाए (5)
9. प्रथा, रिवाज, रस्म (3)
12. संगीत का एक अंग जिसमें कलात्मक ढंग से अंगों का संचालन करना, नृत्य (2)
14. जंगल, अरण्य, वन (3)
15. उतनी वस्तु जितनी एक बार में तली य सेकी जाए (2)
16. अंतत, अवश्यमेव, अंत (3)
18. कुटिलता, धोखा या छल करने का भाव (4)
20. अंगहीन, अशक्त (3)
21. महाशय, श्रीमान, महोदय (3)
22. एक स्वीकृति सूचक शब्द (1)

(ऊपर से नीचे

1. चटटा टोकरा, पिटारा (2)
2. आंख आना, ओशावे चश्म, आई हुई आंख (3)
3. पश्चिमी अफ्रीका के उभार पर स्थित देश सेनेगल की राजधानी, उर्ध्ववायु (3)
4. यथार्थत, ठीक-ठीक (4)
5. मुझे (मराठी)(2)
6. जो रिश्ते में पिता के बड़े भाई हो (2)
10. स्तूप के आकार का (4)
11. इस वृक्ष के छोटे फलों से मदिरा का निर्माण होता है (3)
12. सिख धर्मावलंबी, खालसा (5)
13. अवाम, पब्लिक (3)
15. ढलवां तट, पर्वत ढाल (2)
17. क्रीड़नक, इस फिल्म में संजीव कुमार ने एक पागल की यादगार भूमिका की थी (1970) (3)
19. पैर, पांव, डग, कदम (2)

### वर्ग पहेली 5505 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त्रि | टे | न | | क | ला | ध | र |
| ज | ल | ज | | ल | | र्म | |
| | र | फ | बु | क | | वी | र |
| पा | | | डा | क | दा | र | |
| | ता | इ | पे | | ना | | सा |
| बो | ल | | स्ट | डी | | घ | र |
| | के | ला | | न | ज | रा | ना |
| च | तु | र | ता | | | ना | थ |

# दस का तीस, दस का तीस में लगा अक्खा

(नमिता जोशी)

अपुन को ठंडा खेल खेलना है, ठंडा खेल, समझा क्या? जा अपुन के वास्ते टिकट का जुगाड़ करके आ वरना तेरी आंखें निकाल के गोटियां खेलेगा अपुन। और हां, इसको धमकी समझने का मिस्टेक नहीं करने का क्या? ये धमकी नहीं, लास्ट वॉर्निंग है। चल अब थोबड़ा धो और कल्टी हो। ठंडा खेल खेलने का है अपुन को।

ये पंचनामा मूवी के हीरो के माफिक इत्ता लंबा डायलॉग सुन के चिरकुट डरा तो बिल्कुल नहीं, बस अपने टिंड को मंकी के माफिक खुजाने लगा। अपुन पूछ लिया, काइकू सिर खुजा रयेला है, इत्ती गर्मी में नहाता काइकू नहीं? चिरकुट बोला, मुन्ना भाई आप गर्मी की बात कर रयेले हो और ये सटकेला सर्किट देखो ना कब से ठंडा खेल, ठंडा खेल का गाना गा रयेला है। ठंडा खेल किदर से खेलने का है इसकू और किस चीज का जुगाड़ करके लाने का है? चिरकुट की चिकचिक सुनके सर्किट बोला, ठंडा खेल मालूम नहीं तेरेकू? अक्खा इंडिया की पब्लिक उसका कॉन्सर्ट का टिकट झपटने की प्लानिंग में लगी है और तेरेकू अभी तक ठंडा खेल, बोले तो कोल्ड प्ले समझ में नहीं आया? देख तेरी रिंकी भाभी बोले तो अपनी गर्लफ्रेंड कितनी जिद्दी है वो तो तेरेको मालूमइच है। उसने अपुन को बोला है कोल्डप्ले का टिकट मांगता है तो मांगता है।

सर्किट की ये बात सुनके तो अपुन बोल पड़ा, तेरी छपरी गर्लफ्रेंड को एबीसीडी भी ठीक से नहीं आता, वो कोल्ड प्ले में क्या करेगी? उसको रोड साइड में एक अच्छा सा एटीएम देख के उधर छोड़ के आजा, खुश हो जाएगी। एटीएम का एसी मस्त कोल्ड होता है। सर्किट ये सब सुनके थोड़ा हर्ट हो गया पर अपुन से नाराज नहीं हो सकता था, बोला- मुन्ना भाई ये सब अपुन को नहीं मालूम, अपुन कू अभी के अभी कोल्ड प्ले के कॉन्सर्ट का टिकट मांगता है। कहीं से भी पैदा करो, रिंकी इस टाइम नाराज नहीं होनी चाहिए। दिलजीत पाजी का टिकट नहीं दे पाया अपुन उसको तब से अपुन का फोन नहीं उठा रयेली है। तुमको तो मालूम है ना मुन्ना भाई, अपुन की लाइफ में तुम्हारे बाद कोई सबसे जरूरी इंसान है तो वो रिंकीच है।

चिरकुट बोला, भाई देखो पहले धमकी दे रयेला था, अब सेंटी डायलॉग मार रयेला है। इसको मालूम है तुम इसकी सेंटी बातों में अइसे पिघल जाता है जैसे गर्मी में चॉकलेट। चिरकुट की बात सुनके अपुन बोला, सर्किट का अपुन के सिवा हैइच कौन। रिंकी को इस टाइम नाराज नहीं करने का है। ये सुनते ही चिरकुट के भेजे में आ गया कि राजा की इच्छा इच उसका आदेश होता है। वो शाम को पूरे पचास हजार का टिकट लेके आ गया और अपुन के आगे रखके बोला, मुन्ना भाई तुमने ऑडर किया तो चिरकुट कइसे पूरा नहीं करता। ये लो पचास हजार में खरीद के लाया है अपुन इस टिकट को। पचास हजार? टिकट तो पांच दस हजार का मिल जाता, अपुन ने चिरकुट से पूछा तो बोला, भाई बस ये मत पूछो। सर्किट ने तुमको सेंटी किया ना। अपुन ने सर्किट की मोटर साइकल बेच डाली और ये कोल्ड प्ले का टिकट ब्लैक में लेके आया। ये वोइच धंधा है भाई जो अपुन लोग मूवी हॉल के टिकट के साथ करते थे दस का तीस, दस का तीस। अब इंटरनेट पर ये धंधा अक्खा इंडिया की पब्लिक खुले में कर रयेली है। सर्किट को कॉल करके बुला लिया कि कल सुबह आ जाना तेरे वास्ते चिरकुट ने टिकट ले लिया है। अगले दिन चिरकुट को टिकट देने के वास्ते अपुन ने बुलाया तो क्या देखता है।

# आज का राशिफल

### मेष

आज जीवनसाथी का पूरा सपॉर्ट आपके साथ है इसलिए अगर ऑफिस में ज्यादा मेहनत करनी पड़े तो घरवालों की ओर से परेशान होने की जरूरत नहीं। वेतन में बढ़ोत्तरी की चर्चा हो सकती है। घर के छोटे सदस्यों को समय देना बहुत जरूरी हो जाएगा।

### वृषभ

आज आप पूरे उत्साह से जो भी काम करेंगे उसमें निश्चित रूप से कामयाबी मिलेगी। दोपहर बाद सभी काम बनते नज़र आएंगे। पुराने समय से कहीं से रुका पैसा आपको मिल सकता है। बिजनस के मामले में कोई डील करने से पहले जांच पड़ताल करना जरूरी है।

### तुला

आज आपकी रुचि अच?छे काम में बढ़ेगी। घर में सभी लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। दिल और दिमाग के संतुलन से सफलता मिलेगी। अकाउंट्स की फाइलों को तैयार रखें। कभी भी जरूरत पड़ सकती है। अपने स्टाफ पर नज़र रखें। अपन अच्छे बिहेवियर से उनका दिल जीतने में कामयाब होंगे।

### वृश्चिक

आज पॉलिटिक्स में रूचि बढेगी। किसी खास शख्स के कारण शाम के समय थोड़ी जेब ढीली हो सकती है लेकिन हर बार पैसे का फायदा नुकसान देखने की बजाए रिश्तों की मजबूरी को देखना ज्यादा फायदेमंद होता है। आपके धन सम्?मान में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। भाग्?य आपका साथ देगा।

### मिथुन

आज करियर के मामले में दिन सफलतस से भरा होगा। फाइनेंस से जुड़े फैसले आज ले लें। आपके घर में किसी शुभ कार्य की बातचीत हो सकती है। पुराना प्यार लौट सकता है। शाम के समय शॉपिंग के लिए घरवालों को बाहर ले जाने का प्लान बनेगा।

### कर्क

आज आपका पूरा दिन धार्मिक कार्य में में बीतेगा। आप किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का प्लान बन सकता है। किसी बौद्धिक काम में आपको कामयाबी मिलेगी। कोई नई डील आपकी शर्तों पर फाइनल हो सकती है।

### धनु

आज आपके लिए धन लाभ का दिन है। ऑफिस में आज आपको बहुत काम करना होगा। भागदौड़ करने के बाद उसका फायदा जरूर मिलेगा। अपनी प्रतिभा पर भरोसा रखें और यह याद रखें कि कुछ कर दिखाने के लिए ज्यादा तामझाम की जरूरत नहीं होती। आपके प्रेमी का मूड आज काफी अच्छा रहेगा और आपके धन सम्?मान में वृद्धि होगी।

### मकर

आज दिन लाभ से भरा होगा। काम निपटाने में दिन का अधिकांश हिस्सा निकल जाएगा लेकिन एक बार आप अपने कामों को एक के बाद एक निपटाने लगेंगे तो अन्त में काफी संतुष्टि मिलेगी। याद रखिए संतुष्टि पाना सबसे बड़ी उपलब्धि है।

### सिंह

आज अच्छे लोग आपको प्रेरणा देंगे जिससे आपको खुशी का अहसास होगा। ऑफिस में कुलीग्स आपके टीमवर्क के जज्बे को अच्छी तरह समझेंगे और आपकी मदद के लिए आगे आएंगे। काफी समय से चले आ रहे कानूनी विवाद और झगड़े आज खत्म होंगे।

### कन्या

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी। ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे जो कि चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। आपका किसी काम में मन नहीं लगेगा और आपको शाम के वक?त कुछ निराशा का अनुभव होगा।

### कुंभ

आज आपकी नवीन योजनाएं सफल होने से आपको खुशी होगी। आपकी रुचि आध्यात्मिक कार्य में रहेगी और आपके आपके अच्छे कर्मों से आपके खानदान का नाम ऊंचा होगा। बुजुर्गों के आशीर्वाद से कार्य में सफलता मिलेगी। सायंकाल का समय गाने बजाने संगीत और सैर सपाटे में बीतेगा।

### मीन

आज लाभ होगा और आपका मन खुश रहेगा। मानसिक अशांति खिन्नता एवं उदासीनता के कारण आप भटक सकते हैं। आपकी संतान व पत्नी के प्रति प्रेम भावना बढ़ेगी। यदि आपकी प्रोन्नति रुकी है तो इस वक?त होने से आपको खुशी होगी। आकस्मिक चिंता होने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

### पंजाब सरकार ने पांच पूर्व मंत्रियों को जारी किया नोटिस, सरकारी कोठी खाली करने के दिए आदेश



**चंडीगढ़ , एजेंसी।** पंजाब सरकार ने पांच पूर्व मंत्रियों को सरकारी कोठी खाली करने के लिए नोटिस जारी किया है। इसमें बलकार सिंह, अनमोल गगन मान और जिम्पा सहित उन मंत्रियों के नाम शामिल हैं, जिन्होंने हाल ही में अपने पद से इस्तीफा दिया था। इन मंत्रियों को निर्देश किया गया है कि वह 15 दिनों के भीतर अपनी सरकारी कोठी खाली कर दें। सरकार की ओर से जारी नोटिस में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि इन कोठियों को तत्काल प्रभाव से खाली किया जाए, ताकि नए मंत्रियों को आवास प्रदान किया जा सके। पूर्व मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर, चेतन सिंह जौड़ामाजरा, बलकार सिंह, ब्रह्म शंकर जिम्पा और अनमोल गगन मान को सरकारी कोठी खाली करने के लिए कहा गया है। नियमों का हवाला दे लिखा गया है- नियमों के मुताबिक, किसी भी कैबिनेट मंत्री द्वारा पद से हटने के बाद सरकारी रिहायश में अधिक से अधिक 15 दिनों तक रिटेन किया जा सकता है इसलिए आप आवास खाली कर लोक निर्माण विभाग को सौंप दें, ताकि नवनियुक्त मंत्रियों को आवास आवंटित किए जा सकें। बता दें कि पंजाब सरकार के मंत्रिमंडल में 5 नए चेहरों को शामिल किया गया है। पंजाब सरकार में तरुण प्रीत सिंह, बरिंदर गोयल, हरदीप मुंडिया, डॉ. रवजोत सिंह और मोहिंदर भगत मंत्री बने हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मंगलवार को सभी नए मंत्रियों से मुलाकात की थी। इस दौरान उनसे उनके विभागों की कार्यशैली पर भी चर्चा की गई थी। सरकार की ओर से लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन को देखते हुए कैबिनेट में बदलाव किया गया था। बता दें कि लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी पंजाब की 13 में से सिर्फ 3 सीट पर जीत दर्ज कर पाई थी। अफवाह है कि इस कारण से ही मान सरकार के कैबिनेट में यह बदलाव किया गया।

### छत्तीसगढ़ में झुंड से अलग हुए जंगली हाथी ने बोला हमला; एक की मौत- अन्य घायल



**जशपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिला में जंगली हाथी के हमला करने की वारदात सामने आई है। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि एक अन्य घायल हो गया है। जशपुर प्रभाग के वन अधिकारी जितेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि घटना आगडीह गांव की है। अब तक की जानकारी के मुताबिक पता चला है कि पड़ोसी राज्य झारखंड में हाथी अपने झुंड से अलग हो गया था। इसके बाद वो पड़ोसी राज्य के जशपुर में घुस गया था। अधिकारी ने बताया कि सामने से आते दो लोगों के ऊपर जंगली हाथी ने हमला कर दिया। इसमें असित तिग्गा की मौत हो गई। वहीं उनके साथ के व्यक्ति अरविंद तिग्गा बुरी तरह जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों को इसके बारे में पता चला तो उन लोगों ने घायल अरविंद को अस्पताल में भर्ती कराया और इसके बाद उन्हें अंबिकापुर अस्पताल में भेज दिया गया। मरने वाले व्यक्ति को 25000 रुपए की सहायता राशि देने की बात कही गई है। अधिकारी ने बताया कि हाथी को जंगल की तरफ खदेड़ा जा रहा है। राज्य में हाथी और इंसानों के बीच इस तरह के संघर्ष बहुत बढ़ गए हैं। ऐसे मामले खासतौर पर राज्य के उत्तरी भागों से सामने आ रहे हैं। बीते 10 सालों में इस तरह के मामले काफी बढ़ गए हैं।मानव-हाथी संघर्ष का सामना करने वाले जिलों में मुख्य रूप से सरगुजा, रायगढ़, कोरबा, सूरजपुर, महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद, बालोद और बलरामपुर शामिल हैं। वन विभाग के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में राज्य में हाथियों के हमलों में 300 से अधिक लोग मारे गए हैं।

### निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश, चुनावी बॉन्ड से उगाही करने का आरोप

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया। उनके खिलाफ चुनावी बॉन्ड के जरिए उगाही करने का आरोप लगाया गया है। बेंगलुरु की एक विशेष लोक अदालत ने इस शिकायत पर सुनवाई करते हुए वित्त मंत्री के अलावा कई दूसरे नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। जनाधिकार संघर्ष परिषद (जेएसपी) के सह-अध्यक्ष आदर्श अय्यर ने बेंगलुरु में जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत में शिकायत दर्ज कर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की थी। उन्होंने शिकायत की थी कि चुनावी बॉन्ड के जरिए डरा-धमकाकर जबरन वसूली की गई। याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने बेंगलुरु के तिलक नगर पुलिस स्टेशन को चुनावी बॉन्ड के जरिए जबरन वसूली के मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। एसीएमएम कोर्ट ने एक आदेश जारी कर शिकायत की एक प्रति और रिकॉर्ड थाने को भेजने का निर्देश भी दिया है।

# क्या मुख्यमंत्री पद पर कमजोर पड़ गई हुड्डा की दावेदारी? चुनाव से ऐन पहले दिए संकेत



**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने राज्य विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को प्रचंड बहुमत मिलने की शुक्रवार को उम्मीद जताई और कहा कि मुख्यमंत्री पद को लेकर पार्टी आलाकमान का जो भी फैसला होगा, उन्हें मंजूर होगा। हुड्डा ने एक साक्षात्कार में कहा कि पार्टी में कोई अंदरूनी कलह नहीं है और मुख्यमंत्री पद के लिए कई दावेदार होने से कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। कांग्रेस के 77 वर्षीय वरिष्ठ नेता ने अपने सांसद बेटे दीपेंद्र सिंह हुड्डा को मुख्यमंत्री पद के दावेदार के रूप देखे जाने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि वह खुद न तो 'टायर्ड' हैं और न ही 'रिटायर्ड' हैं। पार्टी में अंदरूनी कलह की बात को खारिज करते हुए हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस हरियाणा में एकजुट है और दावा किया कि मुख्यमंत्री पद के लिए कई दावेदार होने से पार्टी को और अधिक ताकत मिलेगी। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में अबकी बार, कांग्रेस की सरकार का माहौल बन गया है और उनकी पार्टी को प्रचंड बहुमत मिलेगा। कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा की कथित नाराजगी से जुड़े प्रकरण के बारे में पूछे जाने पर हुड्डा ने कहा, ''यह आप लोगों (मीडिया) द्वारा पैदा किया हुआ है, यह कोई प्रकरण नहीं है। कांग्रेस एकजुट है।'' इस सवाल पर कि क्या अब सब कुछ ठीक है तो हुड्डा ने कहा, पहले भी सब कुछ ठीक था और आज भी है।'' मुख्यमंत्री पद की दावेदारी से जुड़े सवाल पर हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस में मुख्यमंत्री चयन की एक स्थापित प्रक्रिया है और पार्टी आलाकमान जो भी फैसला करेगा, उन्हें मंजूर होगा। माना जा रहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री का यह बयान यह संकेत दे रहा है कि राज्य के मुख्यमंत्री पद पर उनकी दावेदारी कमजोर पड़ रही है। हालांकि, यह एक राजनीतिक बयान है, जिसमें सारी संभावनाएं निहित हैं। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस की एक पद्धति है। विधायक चुने जाएंगे। पर्यवेक्षक आएंगे, विधायकों का मत लेंगे और फिर आलाकमान फैसला करेगा। वे (आलाकमान) जो भी फैसला करेंगे, मुझे स्वीकार होगा।'' इससे एक दिन पहले सैलजा ने भी कहा था कि मुख्यमंत्री पद को लेकर कांग्रेस आलाकमान का फैसला उन्हें स्वीकार होगा। हुड्डा ने सैलजा और रणदीप सुरजेवाला की मुख्यमंत्री पद की दावेदारी के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''अच्छी बात है। यदि इच्छा ही नहीं रखेंगे तो राजनीति शिथिल पड़ जाएगी। जितने ज्यादा दावेदार होंगे, (कांग्रेस को) उतनी ही अधिक मजबूती मिलेगी। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ने दीपेंद्र सिंह हुड्डा को मुख्यमंत्री पद के दावेदार के रूप देखे जाने के बारे में पूछे जाने पर कहा, क्यों, आप मुझे रिटायर करना चाहते हैं? मैं पहले ही कह चुका हूं कि मैं न तो टायर्ड हूं, न रिटायर्ड हूं। हुड्डा ने इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) और बहुजन समाज पार्टी तथा जननायक जनता पार्टी (जजपा) और आजाद समाज पार्टी के गठबंधन को लेकर कहा कि जनता ''वोट कटवा'' को वोट नहीं देंगी क्योंकि भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है।

### पोर्श हादसे के आरोपी को नहीं मिल रहा एडमिशन, नाबालिग के वकील ने लगाई गुहार

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पुणे में हुए पोर्श हादसे में आरोपी नाबालिग को किसी स्कूल में एडमिशन नहीं मिल रहा है। नाबालिग के वकील ने इस बात का दावा किया है। जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड (जेजेबी) के सामने अपनी बात रखते हुए वकील ने कहा कि नाबालिग ने दिल्ली मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट में बीबीए कोर्स में एडमिशन के लिए खुद को एनरोल किया था। लेकिन इंस्टीट्यूट ने उसका एडमिशन कैंसिल कर दिया। नाबालिग लड़का शराब के नशे में कथित तौर पर पोर्श चला रहा था। 19 मई की सुबह कल्याणी नगर इलाके में नाबालिग की कार ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी, जिससे उस पर सवार एक युवक और एक युवती की मौत हो गई थी और दोनों आईटी प्रोफेशनल थे। किशोर के वकील प्रशांत पाटिल ने जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड को इस बारे में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि उनके क्लाइंट को कॉलेज में एडमिशन मिलने में दिक्कत आ रही है। वकील ने बोर्ड से गुहार लगाई है कि वह आरोपी किशोर को पुणे या किसी अन्य लोकेशन पर एडमिशन के लिए अनुमति दे। वहीं, स्पेशल पब्लिक प्रॉसीक्यूशन शिशिर हीरे ने बोर्ड को सूचित किया है कि उन्हें इस बात से कोई आपत्ति नहीं है कि आरोपी उच्च शिक्षा हासिल करे।

## युवा विरोध और बेरोजगारी का डंक बीजेपी के डीएनए में : रणदीप सिंह सुरजेवाला



**कैथल, एजेंसी।** हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पक्ष-विपक्ष में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। कैथल में चुनावी रैली में शामिल होने आए कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने रोजगार और निवेश के मुद्दे पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा, हरियाणा की बीजेपी सरकार युवा विरोधी है। युवा विरोध और बेरोजगारी का डंक बीजेपी के डीएनए में है। बेरोजगारी के अभिशाप ने हरियाणा के युवाओं की जिंदगी को अंधकार में डाल दिया है। कांग्रेस की अगली सरकार इस प्रवृत्ति को बदलेगी। राज्य में 2 लाख सरकारी नौकरियां खाली पड़ी हैं। हम इन नौकरियों को भरकर युवाओं के लिए नए अवसर मुहैया कराएंगे। नरेंद्र मोदी बड़ी-बड़ी बातें करते हैं। उन्हें केंद्र सरकार में खाली पड़े 30 लाख पदों को भरना चाहिए। यदि हरियाणा के बच्चों को 5 से 10 प्रतिशत भी पद मिल गए, तो इससे राज्य में 2 से 3 लाख और सरकारी नौकरियां आ सकती हैं।

साथ ही, उन्होंने सरकार पर निजी क्षेत्र में लूट का आरोप लगाते हुए कहा, बीजेपी ने निजी क्षेत्र को भी लूटा है। देश का हर दुकानदार, सब्जी वाला और मंडी में अनाज बेचने वाला व्यक्ति नौकरी पैदा कर सकता है। आपको विदेश जाकर नौकरियां ढूंढने की आवश्यकता नहीं है। यदि आप कपड़ा, सर्राफा, परचून और बर्तन जैसे क्षेत्रों को राहत दें, तो यही लोग कई लोगों को नौकरियां दे सकते हैं। पड़ोस के पंजाब, हिमाचल, जयपुर, बाड़मेर और जैसलमेर के उद्योगपति यहां आना चाहते हैं, लेकिन हम उन्हें आने का मौका नहीं दे रहे हैं। इसी तरह, उत्तर प्रदेश में नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ और कानपुर के कई उद्योगपति राज्य में आना चाहते हैं।

### 300 करोड़ का गबन कर वृंदावन में बाबा बन गया नटवरलाल, पुलिस ने यूं दबोचा

**मुंबई/मथुरा , एजेंसी।** महाराष्ट्र पुलिस की एक टीम ने मथुरा जिले के कृष्ण बलराम मंदिर के समीप वृंदावन पुलिस की मदद से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिसपर वहां (महाराष्ट्र में) करीब 300 करोड़ रुपये के गबन का आरोप है। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि इस व्यक्ति की पहचान महाराष्ट्र के बीड जिले के निवासी बबन विश्वनाथ शिंदे के रूप में हुई है। कृष्ण बलराम मंदिर को अंग्रेजों के मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। पुलिस अधीक्षक (नगर) डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र के बीड जिले के उपनिरीक्षक एसएस मोरकुटे एवं सहायक उपनिरीक्षक तुलसीराम बबन शिंदे (63) की गिरफ्तारी के लिए यहां आये थे और काफी खोजबीन के बाद वह अंग्रेजों के मंदिर के निकट साधु वेश में घूमता मिला। कुमार ने बताया कि छानबीन में जानकारी मिली कि शिंदे यहां करीब एक साल से साधु वेशभूषा में रह रहा था, जबकि महाराष्ट्र पुलिस की टीम उसे यहां मंदिरों, आश्रमों, होटल, गेस्ट हाउस आदि में तलाश रही थी। पुलिस अधीक्षक के अनुसार शिंदे भेष बदल कर रह रहा था। उन्होंने बताया कि उन्होंने मथुरा पुलिस की अपराध शाखा एवं वृन्दावन पुलिस का सहयोग लिया तो वह जल्द ही मिल गया। पुलिस अधीक्षक के अनुसार महाराष्ट्र पुलिस ने नियमानुसार उसे बृहस्पतिवार को अदालत में पेश कर उसका 'ट्रांजिट रिमांड' हासिल किया।

# ओडिशा का सीएम बनने से कुछ दिन पहले इंस्पेक्टर ने मुझे थाने से बाहर निकाल दिया था: मोहन माझी

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव में बहुमत हासिल करने के बाद जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने ओडिशा के मुख्यमंत्री के लिए मोहन चरण माझी के नाम का ऐलान किया तो लोग चौंक गए। सीएम बनने से महज कुछ दिन पहले माझी को एक पुलिस स्टेशन से बाहर जाने के लिए कह दिया गया था। सीएम ने खुद इसका खुलासा करते हुए कहा है कि वे अपने निर्वाचन क्षेत्र की कुछ समस्याओं पर चर्चा करने के लिए पुलिस स्टेशन गए थे।

भुवनेश्वर में लोक सेवा भवन के कन्वेंशन सेंटर में जिला कलेक्टरों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए माझी ने अधिकारियों से जनप्रतिनिधियों को उचित सम्मान देने के लिए कहा। उन्होंने 2024 के विधानसभा चुनावों से ठीक पहले अपने निर्वाचन क्षेत्र क्योंझर में एनएच20 पर आयोजित कुछ विरोध प्रदर्शनों और सड़क अवरोधों की कुछ घटनाओं का उदाहरण दिया। क्योंझर से चार बार विधायक रह चुके माझी ने कहा, जब मैं समस्या को सुलझाने और सड़क अवरोध हटाने के लिए पुलिस स्टेशन पहुंचा तो इंस्पेक्टर मुझ पर भड़क गया और मुझे बाहर जाने के लिए कहा। किसने अधिकारियों पर एक मौजूदा विधायक को बाहर जाने के लिए कहने का दबाव बनाया। उन्होंने दावा किया कि अपमान के कारण उन्होंने पुलिस स्टेशन के बाहर धरना दिया। सीएम ने कहा, भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद से मैं एक महीने बाद सीएम बन गया। आप इंस्पेक्टर की स्थिति की



कल्पना कर सकते हैं। लेकिन मैंने उसे माफ कर दिया, क्योंकि मुझे लगा कि उसने दबाव में काम किया है। उन्होंने कहा कि जब भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ओडिशा की बीजू जनता दल-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) गठबंधन सरकार में मंत्री थीं तब एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री के साथ क्योंझर आई थीं। ओडिशा के मयूरभंज जिले के उपरबेड़ा गांव की आदिवासी नेता मुर्मू 2000 से 2004 तक नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली बीजद-भाजपा सरकार में मंत्री रही थीं। उन्होंने सबसे पहले 6 मार्च 2000 से 6 अगस्त 2002 तक वाणिज्य और परिवहन के लिए स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया और 6 अगस्त 2002 से 16 मई 2004 तक मत्स्य पालन और पशु संसाधन विकास मंत्री रहीं। माझी ने कहा, जब तत्कालीन जिला कलेक्टर वहां पहुंचे तो उन्होंने केवल केंद्रीय मंत्रिमंडल का अभिवादन किया। राज्य के मंत्री रहीं मुर्मू को बुनियादी सम्मान नहीं दिया। हालांकि बाद में उन्हें एहसास हुआ कि वह एक मंत्री थीं, लेकिन कलेक्टर ने न तो उनका अभिवादन किया और न ही अपने व्यवहार के लिए माफी मांगी। वह मंत्री अब भारत की प्रथम नागरिक बन गई हैं। माझी ने पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान अधिकारियों द्वारा विशिष्ट पदों पर अधिक समय तक रहने पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, किसी अधिकारी को किसी विशिष्ट पद पर अधिकतम 3-4 साल तक रहना चाहिए। ऐसे कई उदाहरण हैं।

# मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के साथ खड़ी है कांग्रेस, पार्टी करेगी उनका समर्थन; खरगे की दो टूक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष एम मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के साथ खड़ी है और उनका समर्थन करेगी क्योंकि वह मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) भूखंड आवंटन मामले में लोकायुक्त पुलिस द्वारा की जा रही जांच का सामना कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से सिद्धारमैया के इस्तीफे की मांग को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि ना तो आरोपपत्र दाखिल किया गया है और ना ही उन्हें दोषी ठहराया गया है। खरगे ने एक सवाल के जवाब में कहा, जब गोधरा कांड हुआ था, तो क्या (नरेन्द्र) मोदी जी ने (गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री के पद से) इस्तीफा दे दिया था? उस समय उनके खिलाफ भी कई मामले लंबित थे, यहां तक ??कि शाह (केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह) के खिलाफ भी। भाजपा द्वारा मुख्यमंत्री के पद पर बने रहने के नैतिक अधिकार पर सवाल उठाने पर एक सवाल के जवाब में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होने की बात कही गई है। यहां संवाददाताओं से बातचीत में खरगे ने कहा,



किसी व्यक्ति विशेष की छवि को नुकसान पहुंचाने के लिए उसे निशाना न बनाएं, उसकी वजह से पार्टी को भी नुकसान होगा। आपकी (भाजपा की) रुचि कांग्रेस पार्टी को नुकसान पहुंचाने में है, किसी व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने में नहीं। आज वह यहां हो सकते हैं या नहीं हो सकते हैं, लेकिन पार्टी काम करती रहेगी। सिर्फ कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस पार्टी के आधार वोट को नष्ट करने के लिए वह (भाजपा) ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि कानून को अपना काम करने दीजिए और जब कोई स्थिति आएगी तो पार्टी उस समय इसकी समीक्षा करेगी। खरगे ने कहा, अब वहां कुछ भी नहीं है, (लेकिन) हर दिन मैं देख रहा हूं कि एमयूडीए, एमयूडीए। करोड़ों रुपये कई उद्योगपति निगल गए, उनके 16 लाख करोड़ रुपये के कर्ज माफ कर दिए गए और अब आप एक छोटे से मुद्दे को लेकर लड़ रहे हैं। इसके अलावा ना तो आरोपपत्र दाखिल किया गया है और ना ही वह दोषी ठहराए गए हैं। प्रतिदिन यही खबर है। मैं इन सब चीजों को देखकर तंग आ चुका हूं। यह पूछने पर कि क्या प्राथमिकी दर्ज हो जाने पर भी पार्टी आलाकमान सिद्धारमैया के साथ खड़ा रहेगा, खरगे ने कहा, यह काल्पनिक सवाल है। हम उनके साथ खड़े हैं, हम उनका समर्थन करेंगे क्योंकि वह पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हैं, ना कि वह केवल एक व्यक्ति हैं। एक विशेष अदालत ने बुधवार को लोकायुक्त पुलिस को आदेश दिया था कि वह सिद्धारमैया के खिलाफ इस मामल में जांच करे। एमयूडीए भूखंड आवंटन मामले में, यह आरोप लगाया गया है कि सिद्धारमैया की पत्नी को मैसुरु के एक पॉश इलाके में प्रतिपूरक भूखंड आवंटित किया गया।

## मंदिरों के लिए कानून लाएंगे चंद्रबाबू नायडू; जगन मोहन रेड्डी के धर्म पर उठाए सवाल

**अमरावती, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने वाईएसआर कांग्रेस के अध्यक्ष जगन मोहन रेड्डी पर पलटवार करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने तिरुमाला की उनकी यात्रा में बाधा नहीं डाली। नायडू ने कहा, वे झूठ फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि जगन को मंदिर की यात्रा रोकने के लिए कोई नोटिस नहीं दिया गया। उन्होंने कहा, क्या किसी ने आपको जाने से रोका? अगर आपके पास कोई नोटिस है तो उसे मीडिया को दिखाएं। आप झूठ क्यों फैला रहे हैं। इसके अलावा, नायडू ने जगन से उनके धर्म को लेकर भी सवाल पूछा। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरह से मस्जिदों के प्रमुख उसी धर्म के होते हैं वैसे ही हिंदू मंदिरों के प्रमुख भी हिंदू धर्म से होंगे और इसको लेकर कानून लाने की तैयारी है।

दरअसल आंध्र प्रदेश के विपक्षी दल युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के प्रमुख वाई एस जगन मोहन रेड्डी ने तिरुपति भगवान वेंकटेश्वर मंदिर का अपना निर्धारित दौरा रद्द कर दिया है। चर्चा का विषय बन चुके उनके इस दौरे की घोषणा उनकी पार्टी द्वारा आहूत राज्यव्यापी मंदिर प्रार्थना अनुष्ठान के तहत की गयी थी ताकि तिरुपति लड्डुओं के संबंध में आरोप लगाकर मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कथित रूप से जो ''पाप'' किया, उसका प्रायश्चित किया जा सके। इस विवाद की जड़ में वह आरोप है जिसमें कहा गया है कि प्रसादम के तौर पर दिए जाने वाले लड्डुओं की तैयारी में कथित रूप से पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया है। शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में, रेड्डी ने मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू पर आरोप लगाया कि वह और उनकी तेलुगू देशम पार्टी हिंदू धर्म का राजनीतिक लाभ उठाने के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि भाजपा नायडू का समर्थन कर रही है, बजाय इसके कि उसे गंदी राजनीति करने से रोके। दूसरी ओर, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने जगन मोहन रेड्डी पर हमला बोलते हुए उन पर अपने धर्म का खुलासा न करने का आरोप लगाया। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नायडू ने कहा कि जो भी व्यक्ति मंदिर जाना चाहता है, उसे वहां की परंपराओं और रीति-रिवाजों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वाईएसआरसीपी प्रमुख जगन मोहन रेड्डी तिरुमला जाने से क्यों बच रहे हैं, मैं इसकी वजह नहीं जानता। अमरावती में नायडू ने कहा, वह (जगन मोहन रेड्डी) तिरुमला जाकर भगवान बालाजी की पूजा करने से बचते हैं क्योंकि वह अपने धर्म-संबंधी घोषणा पत्र देने में रुचि नहीं रखते। मैंने कहा है कि हम एक ऐसा कानून लाएंगे जिसमें मंदिरों के प्रमुख उसी धर्म के होने चाहिए, जैसे चर्च और मस्जिदों के होते हैं। हमने कभी किसी दलित को मंदिरों में प्रवेश करने से नहीं रोका और न ही ऐसे बयान दिए।

# दिल्ली में 4 बेटियों संग पिता ने दी जान, कमरे में सड़ी हुई हालत में मिलीं लाशें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली के रंगपुरी गांव में एक शख्स ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी चार बेटियों के साथ खुदकुशी कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को फ्लैट का ताला तोड़कर शवों को बाहर निकाला। चारों बेटियां दिव्यांग होने के कारण चलने-फिरने में असमर्थ थीं और पत्नी की मौत के बाद हीरालाल अपनी बेटियों की हालत देखकर पूरी तरह से टूट चुका था। उसने बच्चियों को सल्फास खिलाकर खुद भी जान दे दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 50 वर्षीय हीरालाल परिवार के साथ रंगपुरी गांव में किराये के मकान में रहता था। वह मूल रूप से बिहार के छपरा जिले के मसरख गांव का रहने वाला था। उसकी पत्नी की पहले ही मौत हो गई थी। उसके परिवार में चार बेटियां 18 वर्षीय नीतू, 15 वर्षीय निशि, 10 वर्षीय नीरू और 8 वर्षीय निधि थीं। हीरालाल वसंत कुंज स्थित एक अस्पताल में कारपेंटर के तौर पर काम करता था। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को हीरालाल के फ्लैट से बदबू आनी शुरू हुई। इस पर सड़क की दूसरी तरफ स्थित मकान में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को फोन कर यह जानकारी दी।

पुलिस जब वसंत कुंज साउथ स्थित फ्लैट पर पहुंची तो आसपास के लोगों ने बताया कि परिवार कई दिन से दिखाई नहीं दिया। इसके बाद पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर से भीषण बदबू आ रही थी। पुलिस टीम ने कमरे में प्रवेश किया तो पहले कमरे के बिस्तर पर हीरालाल का शव पड़ा था। दूसरे कमरे में चारों बेटियों के शव पड़े थे। पुलिस ने बताया कि दिल्ली में रहने वाले हीरालाल के बड़े भाई जोगिंदर को घटना की सूचना दी गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, परिवार ने सल्फास खाकर खुदकुशी की है। हालांकि, पुलिस को अभी तक सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन बेटियों की दिव्यांगता को इस घटना की वजह माना जा रहा है। मौके से पुलिस और फोरेंसिक टीम पहुंची और सल्फास के रैपर और भोजन के नमूने एकत्र किए हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि पोस्टमॉर्टम के बाद विसरा को भी जांच के लिए भेजा जाएगा। पत्नी की कैंसर से हुई थी मौत : हीरालाल की पत्नी सुनीता कैंसर से पीड़ित थीं। काफी इलाज के बाद भी वह बच नहीं सकीं। दंपती को पहली बेटी दिव्यांग पैदा हुई थी। स्वस्थ संतान की चाहत में तीन और बच्चियों ने जन्म लिया, लेकिन वो तीनों भी दिव्यांग थीं। इनकी देखरेख हीरालाल ही कर रहे थे।

नौकरी से आते ही बच्चों की देखरेख में जुट जाता था पुलिस अधिकारी ने बताया कि चारों बच्चियां बिस्तर पर ही पड़ी रहती थीं। हीरालाल सुबह भोजन आदि कराकर जाता था। जब तक वह घर नहीं लौटता तब तक बच्चियां भूखी प्यासी रहती थीं। हीरालाल घर लौटने पर बच्चियों की देखभाल में लग जाता था। उनके लिए खाना बनाता था और फिर घर की सफाई करता था। एक तो घर चलाने के लिए दिनभर नौकरी और रात को बच्चियों की देखभाल करने से धीरे-धीरे उनका साहस जवाब देने लगा था। आसपास के लोगों ने बताया कि हो सकता है कि काम के दबाव में वह धीरे-धीरे डिप्रेशन में आ गया होगा और आखिर में इस घटना को अंजाम दिया। इस घटना के बाद से आसपास के लोग सहमे हुए हैं।

किराये के कमरे में चौथी मंजिल पर रहता था परिवार इमारत के केयरटेकर शैलेंद्र ने बताया कि हीरालाल का परिवार चौथी मंजिल पर मौजूद फ्लैट में आठ साल से रह रहा था। यह परिवार अपनी परेशानियों की वजह से लोगों से कम घुलता-मिलता था। कभी भी इस परिवार की वजह से किसी को कोई दिक्कत नहीं हुई थी। पुलिस के अनुसार, हीरालाल को आखिरी बार 24 सितंबर को देखा गया था। इसके बाद से कोई पता नहीं चला। बंगाली मार्केट में रहने वाले हीरालाल के भाई जोगिंदर और भाभी गुड़िया को घटना की सूचना दी तो उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ।

पुलिस ने मामले में छह लोगों के बयान दर्ज किए वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस मामले में गुड़िया, मकान मालिक और इमारत के केयरटेकर समेत छह लोगों के बयान दर्ज हुए हैं। वहीं, पुलिस ने हीरालाल के मोबाइल को कब्जे में ले लिया है। साथ ही शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि तीन दिन पहले ही यह घटना हुई और शव सड़ने लगे थे।

## सार समाचार

भारत बनाम बांग्लादेश टेस्ट

## बारिश की भेंट चढ़ा दूसरे दिन का खेल



**कानपुर, एजेंसी।** भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट में वर्षा का कहर जारी है और शनिवार को दूसरे दिन का खेल पूरी तरह बारिश की भेंट चढ़ गया। बांग्लादेश ने पहले दिन 3 विकेट खोकर 107 रन बनाये थे लेकिन वह उसके बाद अपनी पारी आगे शुरू नहीं कर पाया है।

तीनों अंपायर क्यूरेटर से बात करने आए थे और फिर दिन के खेल को रद्द घोषित कर दिया गया। तीसरे दिन भी बारिश का पूर्वानुमान है, हालांकि दिन के दूसरे हिस्से में मौसम के साफ़ रहने की उम्मीद है।

लगातार बारिश और नमी वाले आउटफील्ड के कारण कानपुर में भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन कोई भी क्रिकेट गतिविधि संभव नहीं थी। खराब मौसम और आउटफील्ड की स्थिति इतनी खराब थी कि स्थानीय समयानुसार दोपहर 14:00 बजे ही खेल को रद्द कर दिया गया। 2015 में बेंगलुरु में हुए टेस्ट के बाद से भारत में एक दिन का खेल पहली बार बारिश की भेंट चढ़ गया। पहले तीन दिनों के लिए खेल से पहले के पूर्वानुमान को देखते हुए कानपुर में आज की घटनाएं आश्चर्यजनक नहीं थीं। मौसम ने पहले दिन केवल 35 ओवर की अनुमति दी, जिसमें बांग्लादेश ने अप्रत्याशित पिच पर मुश्किल परिस्थितियों में संघर्ष किया। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बादल छाए रहने और सतह में संभावित नमी के कारण गेंदबाजी करने का विकल्प चुना था, जो शुरुआती मूवमेंट से सही साबित हुआ। हालांकि, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर नहीं थे, और मेजबान टीम को राहत देने के लिए आकाश दीप के दोहरे स्ट्राइक की जरूरत पड़ी। बांग्लादेश के लिए मोमिनुल हक और नजमुल शांतो ने मजबूत पारी खेली, लेकिन शांतो को रविचंद्रन अश्विन ने आउट कर दिया।

अगर पहले दिन खेले गए 35 ओवरों को कोई संकेत माना जाए, तो दूसरे दिन एक रोमांचक मुकाबला होने की संभावना थी। दुर्भाग्य से, खराब मौसम ने पहले दिन ओवरों को लूटना शुरू कर दिया, और दूसरे दिन का पूरा खेल ही बरबाद कर दिया। शांतो ने 57 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 31 रन बनाए। बारिश के कारण जब पहले दिन का खेल समाप्त घोषित किया गया तब मोमिनुल हक 81 गेंदों में 7 चौके के सहारे 40 रन और मुशफिकुर रहीम 13 गेंदों में 6 रन बनाकर क्रीज पर थे।

## अंडर-20 एएफसी क्वालिफायर में हारा, ईरान ने 1-0 से दी मात



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत एक मैच जीत चुका है और 4-2 के गोल अंतर के साथ ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। उसे अब मेजबान लाओस से खेलना है, जिसे ईरान के हाथों 0-8 से हार मिल चुकी है। भारत को अंडर-20 एएफसी क्वालिफायर फुटबाल टूर्नामेंट में चार बार के विजेता ईरान से कड़े संघर्ष में 1-0 से हार मिली। ग्रुप सी में भारत ने खेल के 88वें मिनट तक ईरान को बराबरी पर रोके रखा, लेकिन युसुफ माजरेह ने गोलकीपर प्रियांश दुबे को छकाते हुए गोल कर ईरान को जीत दिला दी।

भारत एक मैच जीत चुका है और 4-2 के गोल अंतर के साथ ग्रुप में दूसरे स्थान पर है।

बबीता फोगाट का दो टूक जवाब...

# विनेश, बजरंग, साक्षी को कब जंतर-मंतर पर खत्म कर देनी चाहिए थी प्रोटेस्ट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ने जा रही हैं और वो कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। वहीं दूसरी तरफ उनकी बहन बबीता फोगाट बीजेपी के साथ जुड़ी हुई हैं, लेकिन इस बार उन्हें टिकट नहीं मिला और वो चुनाव नहीं लड़ रही हैं।

बबीता फोगाट ने साल 2019 में चुनाव लड़ा था, लेकिन वो जीत हासिल नहीं कर पाई थीं। शुक्रवार को एक टीवी कार्यक्रम के दौरान बबीता फोगाट ने बताया कि विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया जब रेसलर्स के खिलाफ हुए यौन-शोषण को लेकर जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे थे, तब उन्हें इसे कब खत्म कर देना चाहिए था ना कि इसे लंबा खिंचना चाहिए था।

**एफआईआर होते ही खत्म कर देना चाहिए था प्रोटेस्ट:** बबीता फोगाट से पूछा गया कि जंतर-मंतर पर महिला पहलवानों के साथ जिस तरह का बर्ताव किया गया क्या वो ठीक रवैया था। इसका जवाब देते हुए बबीता फोगाट ने कहा कि मेरा ये मानना है कि जिस दिन स्वद्धक्र हो गई थी उसी दिन जंतर-मंतर पर प्रोटेस्ट कर पहलवानों (विनेश फोगाट, बजरंग पूनिया,साक्षी मलिक) को अपना प्रोटेस्ट खत्म कर देना चाहिए था। सभी को इसके बाद घर चले जाना चाहिए था क्योंकि उसके बाद जो इतनी सारी चीजें हुईं वो सारी चीजें अपने-आप में भी बयां करती है कि बात क्या हो रही थी और वो कहां तक जा पहुंची।

**अपने खेल को ध्यान में रखते हुए लेना चाहिए था फैसला:** बबीता ने आगे कहा कि आपकी लड़ाई उस वक्त के मौजूदा भारतीय कुश्ती संघ के अक्ष्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ थी और आप उसे प्रधानमंत्री तक लेकर उसे चले गए तो मतलब आपका रास्ता क्या है। आप क्या चाहते हैं वो साफ दिख रहा था।

एफआईआर होते ही आप उसी दिन अपने घर आ जाते क्योंकि ये लड़ाई कोर्ट में चली गई थी। जब एफआईआर हो गई थी तो फिर आगे कोर्ट में लड़ाई चलनी चाहिए। मेरा ऐसा मानना है कि अन्य खिलाड़ियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए, अपने खेल को ध्यान में रखते हुए कि जिस खेल ने हमें इतनी पहचान दी है उसको ध्यान में रखते हुए निर्णय लेना चाहिए था।

**अपने बारे में फैसला करने के लिए हर कोई स्वतंत्र:** बबीता से पूछा गया कि क्या विनेश ने राजनीति में आने से पहले आपसे कोई सलाह नहीं ली क्योंकि आप उनकी बहन हैं साथ ही आपके पिता उनके कोच भी हैं। इसका जवाब देते हुए बबीता फोगाट ने कहा कि देखिए मैं एक बात कहना चाहूंगी कि उनके राजनीति में आने से, देखिए हर कोई अपना निर्णय लेने के लिए स्वतंत्र है। कोई भी किसी भी पार्टी को ज्वाइन कर सकता है।

ये उनके खुद को विचार हैं और खुद की अपनी सोच है। हो सकता है कि विनेश का कांग्रेस पार्टी ज्वाइन करने का निर्णय पहले से हो। उनका एक और परिवार है और हमारे यहां कहते हैं कि शादी के बाद माता-पिता की ज्यादा दखलअंदाजी किसी के परिवार में नहीं होता है। आपको अपने ससुराल वालों के हिसाब से ही चलना पड़ता है उसमें माता-पिता का कुछ नहीं होता।

साऊथ अफ्रिका वर्सेस ऑयरलैंड टी-20:

# रयान रिकेल्टन की ताबड़तोड़ पारी, 18वें ओवर में जीती दक्षिण अफ्रीका




**अबुधाबी, एजेंसी।** अबुधाबी के शेख जायद स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका ने पहले टी20 में आयरलैंड को 8 विकेट से हरा दिया। दक्षिण अफ्रीका की जीत में सबसे बड़ा योगदान रयान रिकेल्टन का रहा जिन्होंने 48 गेंदों पर ताबड़तोड़ 76 रन बनाए। इससे पहले आयरलैंड की टीम ने कर्टिस कैम्फर के 49 रनों की बदौलत 171 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी अफ्रीकी टीम की ओर से पहले विकेट के लिए रिकेल्टन और रीजा ने 13 ओवर में 136 रन बनाए। इसके बाद रीजा ने 51, ब्रीट्जके ने 19 तो मार्कराम ने 17 रन बनाए और 18वें ओवर में ही टीम को जीत दिला दी।

### आयरलैंड: 171-8 (20 ओवर)

आयरलैंड की शुरूआत खराब रही। कप्तान पॉल स्टर्लिंग 2 ही रन बनाकर आऊट हो गए। रोस एडेयर 18 और हैरी टेक्टर 16 रन बनाकर आऊट हो गए। मध्यक्रम में कर्टिस कैम्फर और नील रॉक ने पारी को संभाला। कैम्फर ने 36 गेंदों पर 6 चौके और 1 छक्के की मदद से 49 रन बनाए जबकि नील ने 28 गेंदों पर 4 चौके और 1 छक्के की मदद से 37 रन बनाए। इसके अलावा डाकरेल ने 16 गेंदों पर 21 रन बनाए। आयरलैंड के पुछल्ले बल्लेबाज स्कोर नहीं बना पाए जिससे टीम 8 विकेट पर 171 रन बना पाए। अफ्रीका के पैट्रिक ने 27 रन देकर 4 विकेट लिए।

### दक्षिण अफ्रीका: 174-2 (17.4 ओवर)

अफ्रीका की शुरूआत शानदार रही। रयान ने शुरूआत से ही आयरलैंड के गेंदबाजों की जमकर खबर ली। उनका रीजा ने बाखूबी साथ भी दिया। दोनों ने पहले विकेट के लिए 136 रन जोड़े। रीजा के रूप में अफ्रीका ने पहला विकेट गंवाया। उन्होंने 33 गेंदों पर 5 चौके और 3 छक्कों की मदद से 51 रन बनाए। वहीं, रयान ने 48 गेंदों पर 3 चौके और 6 छक्कों की मदद से 76 रन बनाए। मैथ्यूज ने 19 तो कप्तान ऐडन मार्कराम ने 17 रन बनाकर अपनी टीम को 18वें ओवर में जीत दिला दी।

# चाइना ओपन: अल्काराज़ दूसरे दौर में

**बीजिंग, एजेंसी।** चार बार के प्रमुख चैंपियन कार्लोस अल्काराज़ ने साथी 21 वर्षीय जियोवानी एमपेटशी पेरीकार्ड को 6-4, 6-4 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया, जबकि तीसरे वरीय दानिल मेदवेदेव ने शुक्रवार को यहां चाइना ओपन के पुरुष वर्ग के पहले दौर में अनुभवी गाएल मोंफिल्स को 6-3, 6-4 से हराया। इस साल फ्रेंच ओपन और विंबलडन जीतने वाले अल्काराज़ के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण मैच था, क्योंकि उन्हें एटीपी टूर पर सबसे बड़ी सर्विस करने वाले खिलाड़ियों में से एक एमपेटशी पेरीकार्ड का सामना करना पड़ा क्योंकि उनके पास अपने नवीनतम अभियान से अभ्यस्त होने के लिए बहुत कम समय था।

हालांकि, शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने एमपेटशी पेरीकार्ड की मारक क्षमता के साथ जल्दी से तालमेल बिठाया और पहले दौर की जीत में शानदार प्रदर्शन किया। अल्काराज़ ने प्रत्येक सेट के शुरुआती गेम में फ्रांसीसी खिलाड़ी की सर्विस को तोड़कर 81 मिनट में अपने 21 वर्षीय साथी खिलाड़ी को हराया।

अल्काराज़ को शिन्हुआ ने यह कहते हुए उद्धृत किया, ईमानदारी से कहूं तो यह आसान



नहीं था। वह वास्तव में एक शक्तिशाली खिलाड़ी है। बड़ी सर्विस, बेसलाइन से बड़े शॉट। इसलिए मुझे वास्तव में ध्यान केंद्रित करना था। यही योजना थी। बहुत अधिक गलतियाँ न करने और बेसलाइन से आक्रामक तरीके से खेलने की कोशिश करें।

अल्काराज़ ने ल्योन चैंपियन एमपेटशी पेरीकार्ड के साथ अपने पहले लेक्सस एटीपी हेड2हेड मुकाबले में अर्जित दोनों ब्रेक पॉइंट को भुनाया। हालांकि , इन्फोसिस एटीपी स्टैट्स के अनुसार, फ्रांसीसी खिलाड़ी ने अपनी पहली डिलीवरी के पीछे 83 प्रतिशत (20/24) अंक जीतकर मैच समाप्त किया, लेकिन प्रत्येक सेट की शुरुआत में चूक के कारण उनकी जीत की उम्मीद कमज़ोर पड़ गई। एक युवा प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ़ अपने तीसरे टूर-लेवल मैच में जीत हासिल करने के बाद, अल्काराज़ ने इस सीज़न में अपना रिकॉर्ड 44-9 पहुंचा दिया । इस सप्ताह की शुरुआत में निट्टो एटीपी फाइनल्स के लिए क्वालीफाई करने वाले स्पेन के इस खिलाड़ी का दूसरे दौर में टैलोन ग्रीक्सपूर से मुकाबला होगा।

## यूपी भारोत्तोलन चैंपियनशिप में घटी अनोखी घटना, डोप टेस्ट के डर से आधे लिफ्टर टूर्नामेंट छोड़कर भागे




**नईदिल्ली, एजेंसी।** डोप टेस्ट के डर से टूर्नामेंट छोड़कर भागने की घटनाएं पहले भी हुई हैं, लेकिन यूपी वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जैसा हुआ वैसा उदाहरण अब तक सामने नहीं आया है। चैंपियनशिप में नाडा की टीम के पहुंचने की सूचना मिलते ही आधे से भी ज्यादा वेटलिफ्टर टूर्नामेंट छोड़कर भाग गए।

नतीजा यह निकला कि चैंपियनशिप में कई भार वर्गों में कोई लिफ्टर नहीं होने के चलते मुकाबला ही नहीं हुआ, कई भार वर्गों में सिर्फ एक या दो लिफ्टर ही उतरे। कुछ दिन पूर्व मोदीनगर में अश्मिता खेलो इंडिया जोनल लीग और यूपी वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इन खेलों के लिए 519 वेटलिफ्टरों की एंट्री आई। खेलो इंडिया जोनल लीग में भारतीय भारोत्तोलन संघ की ओर से डोप टेस्ट के लिए नाडा को बुलाया गया। इस दौरान लीग से भी कुछ लड़कियां भागीं।

भारोत्तोलन संघ ने जब यह देखा कि लिफ्टर प्रतियोगिता छोड़कर भाग रहे हैं तो उन्होंने नाडा से गुजारिश की कि लीग के खत्म होते ही यूपी वेटलिफ्टिंग होनी है। उन्हें इस चैंपियनशिप में भी टेस्ट करने चाहिए। अमूमन राज्य चैंपियनशिप में टेस्ट नहीं किए जाते हैं। नाडा टेस्ट के लिए तैयार हो गया, लेकिन इसकी सूचना तत्काल वेटलिफ्टर को नहीं दी गई। चैंपियनशिप शुरू होने से पहले लिफ्टरों के वजन के दौरान उन्हें पता लगा कि नाडा डोप सैंपल भी लेगी। यहीं से भगदड़ मच गई। चैंपियनशिप के लिए 252 पुरुष लिफ्टरों की एंट्री आई थी, जिसमें 126 लिफ्टर प्रतियोगिता छोड़कर भाग गए।

# हैरी ब्रुक ने उतारा ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का भूत

**लॉर्ड्स, एजेंसी।** हैरी ब्रूक, बेन डकेट और लियाम लिविंगस्टोन की तूफानी फिफ्टी के बाद गेंदबाजों के कमाल से इंग्लैंड ने चौथे वनडे में ऑस्ट्रेलिया को बुरी तरह से रौंद दिया।

बारिश के कारण 39 ओवर के हुए खेल में इंग्लैंड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 312 रन का पहाड़ जैसा स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया की टीम 24.4 ओवर में ही 126 रन बनाकर सिमट गई, जिससे मेजबान इंग्लैंड ने मैच को 186 रनों के बड़े अंतर से अपने नाम कर लिया। इस तरह सीरीज अब 2-2 से बराबर हो गया है। लंदन के लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए इस मुकाबले में




ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। बारिश से प्रभावित इस मैच में ऑस्ट्रेलिया का यह फैसला उनके गेंदबाजों के लिए काल बन गया। इंग्लैंड के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज कंगारू गेंदबाजों पर ऐसी तबाही मचाई कि उनकी हालत खराब हो गई। खास तौर से मिचेल स्टार्क, सीन एबट और एडम जम्पा की जमकर पिटाई।

इंग्लैंड की तरफ से बल्लेबाजी में कप्तान हैरी ब्रूक ने तबाही मचा कर रख दी। ब्रूक ने अपनी टीम के लिए 58 गेंद में 87 रनों की पारी खेली, जिसमें 11 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। हैरी ब्रूक के साथ-साथ बेन डकेट और लिविंगस्टोन भी खूब बरसे। डकेट ने 62 गेंद में 62 रन बनाकर आउट हुए। वहीं लिविंगस्टोन ने सिर्फ 27 गेंद में 7 सिक्स और 2 फोर के साथ नाबाद 63 रन कूट दिए। गेंदबाजी में ऑस्ट्रेलिया की तरफ से सबसे ज्यादा पिटाई मिचेल स्टार्क को पड़ी। स्टार्क ने 8 ओवर में 70 लुटाए और उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला। इसके अलावा सीन एबट ने भी 7 ओवर में 62 रन खर्च किए और उन्हें भी खाली हाथ रहना पड़ा। वहीं एडम जम्पा ने 8 ओवर में 66 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा मिचेल मार्श और जोश हेजलवुड ने भी एक-एक विकेट हासिल किए।

### ताश के पत्तों की ढेर हो गई ऑस्ट्रेलियाई बैटिंग

इंग्लैंड के खिलाफ चौथे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलिया की बैटिंग ताश के पत्तों की ढेर हो गई। ट्रेविस हेड और मिचेल मार्श ने जरूर एक तेज तर्रार शुरुआत की थी, लेकिन इन दोनों के आउट होते ही पूरी टीम बिखर गई। वहीं बॉलिंग में इंग्लैंड की तरफ से मैथ्यू पॉट ने अपना कहर बरपाया। मैथ्यू पॉट ने 8 ओवर में 38 रन देकर चार विकेट अपने नाम किए। इसके अलावा ब्रायडन कारसे ने भी 6 ओवर में 36 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। वहीं तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने दो और आदिल राशिद के खाते में एक-एक विकेट आया। इस तरह अब सीरीज का निर्णायक और अंतिम मुकाबला रविवार, 29 सितंबर को खेला जाएगा।



# श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को 88 पर ही समेटा

**गाले, एजेंसी।** न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला गाले में खेला जा रहा है। मैच की पहली पारी में श्रीलंका ने कमाल की बैटिंग की। उनके तीन बल्लेबाज दिनेश चांडीमल, कमिंदु मेंडिस और कुसल मेंडिस ने शतक लगाया। इसकी मदद की टीम ने अपनी पहली पारी 5 विकेट पर 602 रन बनाकर घोषित की। श्रीलंका की बैटिंग के समय पिच पूरी तरह पाटा नजर आ रही थी लेकिन जैसे ही न्यूजीलैंड की बारी आई, पिच मुश्किल दिखने लगी।

**88 रनों पर सिमटी न्यूजीलैंड:** गाले टेस्ट में न्यूजीलैंड की पहली पारी सिर्फ 88 रनों पर सिमट गई है। 10 में से 9 विकेट श्रीलंका के स्पिन गेंदबाजों ने लिया। 9वें नंबर पर उतरे मिचेल सेंटनर ने न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी 29 रनों की पारी खेली। टीम के लिए सबसे बड़ी 20 रनों की पार्टनरशिप आखिरी विकेट के लिए हुई। श्रीलंका के लिए प्रभात जयसूर्या ने 18 ओवर में 42 रन देकर 6 विकेट लिए। वहीं ऑफ स्पिनर निशान पेरिस ने 17.5 ओवर में 33 रन देकर 3 शिकार किए।

**श्रीलंका के पास 514 रन की लीड:** श्रीलंका को पहली पारी में 514 रनों को लीड मिली है। यह टेस्ट इतिहास की पहली पारी में मिली 5वीं सबसे बड़ी लीड है। इंग्लैंड को 1938 में ऑस्ट्रेलिया पर 702 रनों की लीड मिली थी। हालांकि वह टाइमलेस टेस्ट था, यानी जब तक चाहो खेल सकते थे। श्रीलंका ने 2006 में साउथ अफ्रीका पर ही 587 रनों की लीड हासिल की थी। न्यूजीलैंड की टीम ने 2002 में पाकिस्तान के खिलाफ 570 रनों की लीड दे दी थी।

**न्यूजीलैंड को मिला फॉलोऑन:** 514 रनों की बढ़त लेने के बाद श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को फॉलोऑन देने का फैसला किया। न्यूजीलैंड को पारी से अपनी सबसे बड़ी हार से बचने के लिए कम से कम 190 रन बनाने होंगे। पारी से न्यूजीलैंड को सबसे बड़ी हार पाकिस्तान के खिलाफ मिली थी।

# रंगोली के रंगों से जीवन के मूल्यों को दी गई दिशा, जिला चिकित्सालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन





**पन्ना।** जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ0 आलोक गुप्ता की सोच जहां अपने शासकीय दायित्वों व कर्तव्यों के साथ-साथ चिकित्सालय में समय-समय पर जीवन के मूल्यों व जीने की कला सम्मान के साथ हर मुकाम पर तय करने को लेकर दिशा दी जा रही है। जिला चिकित्सालय में रंगोली प्रतियोगिता हर वार्ड में सेवा करने वाली सतत मरीजों का खयाल रखते हुये रंगों के माध्यम से जीवन के बारे में भान कराते हुये दिशा देने का सार्थक प्रयास सभी वार्डों की सिस्टरों द्वारा अथक मेहनत व लगन के साथ कार्य किया गया। रंगोली रंगों से भरी हुई जीवन जीने की कला व जीवन के महत्व को बयां कर रहीं थी जहां जीवन कितना मूल्यवान है धन दौलत नहीं बल्कि जीवन का हमेशा आदर करने की बात उल्लेखित की गई। वहीं आईसीयू वार्ड में वृद्धों के साथ गरिमा व सम्मान को दिशा दी गई ये रंग ही हमारे जीवन को उत्साहित करते है जिस तरह से आज जिला चिकित्सालय में हर वार्ड में रंगोली प्रतियोगिता टीम भावना के साथ सिस्टरों के द्वारा सभी के लिये प्रेरणादायी संदेश रंगों के माध्यम से रंगोली के रूप में साकार जीवन की परिकल्पना को लेकर हमें प्रेरणा दे रही है। आखिर जहां दुख व दर्द की पीड़ा से कराह रहे मरीजों के बीच में सेवा व भाव के साथ-साथ रंगों के कलर भरके रंगोली माध्यम से उत्साह को देखते ही बनता था। यहां हम यह कह सकते है कि जिला चिकित्सालय में इस तरह का अनूठा प्रयास हमारे जीवन को बेहतर जीवन जीने के लिये दिशा को लेकर महत्वपूर्ण संदेश तो है ही यह सोच जानी गई तो पता चला इसके पीछे जिस तरह से स्वच्छता पखवाड़ा में तरह-तरह से साफ-सफाई व जीवन को लेकर प्रेरणा दी जा रही है उसी तरह जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ0 आलोक गुप्ता की सोच से ही यह रंगों को उभारते हुये रंगोली के माध्यम से मूल्यवान जीवन को जीने के लिये संदेश दिया गया। जिसमें सभी वार्डों की सिस्टरों की सेवा जहां मरीजों के साथ उपचार भी करते हुये देखी जा रही थी वहीं अपनी रंगोली को भी रंगों के माध्यम से प्रतियोगिता में विजय का लक्ष्य लेकर भाव देखा जा रहा था। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ0 आलोक गुप्ता अपनी टीम के साथ सभी वार्डों में रंगोली को परखते हुये विजी प्रतिभागियों को प्रथम,द्वितीय व तृतीय पुरूष्कार व प्रशस्तिपत्र के साथ नवाजे जाने की बात बताई गई। निश्चित ही इस तरह के सार्थक प्रयास जीवन के महत्व को जीने की अमूल्य दिशा हमारे लिये हर क्षण प्रेरणादायी संदेश को लेकर जाना जा रहा है।

## पत्रकार विनय शंकर सिंह परिहार की दादी मां पंच तत्व में विलीन



**पवई।** नगर के वार्ड क्रमांक 5 निवासी पत्रकार विनय शंकर सिंह परिहार की दादी श्रीमति गंगा बाई ठाकुर का बुधवार को निधन हो गया। बता दें कि वह लगभग एक सप्ताह से शुगर की बिमारी से पीड़ित थी, आज अचानक शुगर बढ़ने पर परिवार वाले उन्हें अस्पताल ले गए,जहा इलाज के दौरान उनका निधन हो गया, उन्होंने 69 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार नन्ही पवई मुक्ति धाम में गुरुवार की सुवह विधि विधान से किया जाएगा। इस घटना से पवई में शोक की लहर व्याप्त है। वह अपने पीछे तीन बेटे वीरेंद्र सिंह, ब्रजेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह का भरा पूरा परिवार छोड़ के गई है।

# योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही को समय पर मिले मेरा प्रयास: कलेक्टर



**पन्ना।** सकारात्मका सोच के धनी कलेक्टर सुरेश कुमार जो विगत दिवस जन्म दिन बधाई संदेश के साथ-साथ उनके जीवन के आगामी लक्ष्य के बारे में जानने का प्रयास बखूबी से किया जहां आपकी सोच निश्चित ही सरकार की महत्वाकांक्षी जनहितार्थ योजनायें ही कियान्वयन करते हुये समय पर जनता को योजनाओं के माध्यम से लाभ देना सामने आया। सेवा ही संकल्प कहें तो अतिसंयुक्ति नहीं जनसेवा ही नारायण सेवा जिस तरह से मानी जाती है वहीं हमारे जिले का सौभाग्य भी विकास की दिशा को लेकर जनता के लिये कार्य करना माना जा रहा है। जिले की मुखिया की सोच संवेदनशीलता के साथ जो आज सरकार के द्वारा बनाई गई योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही को समय पर मिले अपने आप में यह एक चुनौती भरा लक्ष्य है। परिणाम भी जिले में बदलाव को लेकर नजर आ रहे है। उदाहरण को लेकर जिस तरह से आपके द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर जन सुनवाई में क्रियान्वयन को लेकर तत्परता दिखाई गई जिसका परिणाम हर आम व्यक्ति जो तहसील व जिला मुख्यालय में अपनी समस्या के निदान को लेकर मंगलवार के दिन अपने घर से निकलते थे घर कितने वक्त वापस पहुंचते थे यह तो वहीं जानें क्योंकि जिला मुख्यालय से कोई 50 कि.मी. की दूरी से तो कोई 75 व 100 कि.मी. की दूरी से भी कई बार लोग अपनी समस्या के निदान को लेकर जिला मुख्यालय तक मंगलवार के दिन जनसुनवाई में आते थे। जिनका समय तो जाता ही था साथ-साथ आर्थिक रूप से किराया भी लगता था इसके बाद जिला मुख्यालय में आवेदन में भी लिखाई-पढाई को लकर भी कहीं न कहीं व्यय के हालात तय होते थे अब पंचायत स्तर में ही आम आदमी की जनसुनवाई बखूबी हर मंगलवार को होती है। समस्याओं का आंकलन निदान को लेकर भी जाने जा रहे हालात कई बार तो स्वयं कलेक्टर सुरेश कुमार जनसुनवाई किस तरह से चल रही है हालात जानने पहुंचे। आज यह बदलाव नजर आने लगा है जनसुनवाई हर पंचायत में पंचायत स्तर के अधिकारी कर्मचारी पहुंचकर जनता की समस्याओं का निदान करने को लेकर कार्यवाही तय कर रहे है। यह सार्थक परिणाम कियान्वयन का जनता की सेवा के लक्ष्य को साबित कर रहा, कलेक्टर सुरेश कुमार की देन।

## सुनवानी पुलिस को जल्द मिली बड़ी सफलता लुटेरी दुल्हन का किया पर्दाफाश

**पन्ना।** विगत दिनांक 21/9/24 को फरियादी संतोष कुमार शुक्ला पिता हल्कू राम शुक्ला उम्र 55 साल निवासी ग्राम सुनवानी खुर्द द्वारा अपने लड़के सोनू शुक्ला की शादी करने में 160000 रुपए के माध्यम से देकर कथित बहू महिमा शर्मा पुत्री राकेश शर्मा निवासी वार्ड नंबर 10 गंज बासौदा के साथ 18 3024 को शादी करकर वह कथित बहू महिमा शर्मा द्वारा शादी के आठ दिन बाद मुंह दिखाई के 10000 नगर वा सोना चांदी के जेवर लेकर भाग जाने बाबत रिपोर्ट की गई थी रिपोर्ट पर थाना सुनवानी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई विवेचना दौरान शिवकुमार ठाकुर उर्फ मोटू और शिव प्रताप पिता उमेश सिंह गोंड के द्वारा अपनी साली गुंजन ठाकुर को तैयार कर वह फर्जी आधार कार्ड न्यायालय से स्टांप पेपर से प्राप्त कर दिनांक 18/3/24 को एडवोकेट सुरेंद्र सिंह परमार न्यायालय पन्ना में नोटरी कराई थी जो सेवा ठाकुर और शिव प्रताप और मोटू को गिरफ्तार कार्यालय पेश किया गया था एवं न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी किया गया जिसे जेल भेजा गया थाना प्रभारी वहीद खान ने बताया की फर्जी आधार कार्ड मोबाइल बंद कर लेने के कारण लेकिन लगातार पुलिस की कोशिश रही कामयाब साइबर सेल की मदद से किया पर्दाफाश।

# अंतर्राष्ट्रीय सेफ अबॉर्शन डे के अवसर पर डॉक्टर अभिषेक जैन को किया गया सम्मानित

### कर्म ही पूजा व परिणाम परिलक्षित सामने बना संदेश, दूसरों के लिये भी प्रेरणादायी



**देवेंद्रनगर।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जन स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा, मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अभिषेक जैन को 27 सितंबर 2024 को अंतर्राष्ट्रीय सेफ अबॉर्शन डे के अवसर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान सुरक्षित गर्भपात सेवाओं, मातृ स्वास्थ्य और अन्य चिकित्सा सेवाओं में उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया डॉक्टर जैन के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किए हैं, जो उनकी और उनकी टीम की कड़ी मेहनत का प्रमाण हैं। उनके नवोन्मेषी दृष्टिकोण और समर्पण ने चिकित्सा क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। यह पुरस्कार भोपाल के होटल पलाश में आयोजित एक भव्य समारोह में उच्च शिक्षा और स्वास्थ्य परिवार कल्याण के निदेशक द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर पत्रकार विकास परिषद, सांई रोटी कपड़ा बैंक और मध्यप्रदेश वैश्य महासम्मेलन जैसे विभिन्न संगठनों ने डॉक्टर जैन को शुभकामनाएं दीं।डॉक्टर जैन की नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जो समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

# प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए छत्रसाल महाविद्यालय में विशेष व्याख्यान




**पन्ना।** कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा भोपाल मध्य प्रदेश द्वारा जारी मासिक कैलेंडर के अंतर्गत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस पी एस परमार एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के संयोजक डॉ. बी. एन. जायसवाल के नेतृत्व में राज्य सेवा आयोग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कैसे करें। विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. जे. के. वर्मा द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित करके किया गया। प्राचार्य जी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण टिप्स और रणनीतियां प्रदान की। कार्यक्रम के आयोजक भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. गजेंद्र नामदेव ने कहा कि किसी भी प्रकार की प्रतियोगिता की तैयारी करनी हो समय का प्रबंधन अति अनिवार्य है। साथ ही प्रतियोगिता से संबंधित विभिन्न पुस्तकों की जानकारी दी। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अरविंद मंडेलिया ने छात्रों को अपने उद्बोधन में बताया कि सर्वप्रथम परीक्षा के पैटर्न, सिलेबस, और योग्यता मानदंडों को समझें,समय सारणी बनाएं और अध्ययन के लिए नियमित समय निर्धारित करें,मूलभूत विषयों की समीक्षा करें और कमजोर क्षेत्रों पर ध्यान दें, मॉक टेस्ट, प्रैक्टिस पेपर, और पिछले वर्षों के प्रश्न पत्रों का अभ्यास करें। छात्रों ने व्याख्यान से लाभ उठाया और अपनी तैयारी को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इस व्याख्यान में डॉ. विनय श्रीवास्तव, डॉ. राम मोहन तिवारी, डॉ. सचिन गोयल, डॉ. गुलाब धर, डॉ. रजनीश चौरसिया, डॉ. अंकिता सोनी, डॉ. बरदानी प्रजापति, ग्रंथपाल विपिन सिंह व अन्य प्राध्यापक के साथ बड़ी मात्रा में विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. सिद्धू सिंह एवं आभार प्रदर्शन डॉ. सतीश त्रिपाठी द्वारा किया गया।

# शिशुओं की सुरक्षा मे माताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है: जितेंद्र

**पन्ना।** पन्ना जिला चिकित्सालय में पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉक्टर जितेंद्र खरे ने शिशुओं की बीमारी के संबंध में कई बचाव संबंधी सुझाव दिए हैं। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान बच्चों के बीमार होने की आशंका होती है, लेकिन डॉक्टर जीतेन्द्र खरे द्वारा सुझाए गए ये 8 टिप्स बारिश के मौसम में भी उन्हें सुरक्षित और स्वस्थ रखने में आपकी मदद कर सकते हैं। बारिश के समय अनेक प्रकार के कीट एवं जीव जन्तु उत्पन्न होते है तथा मच्छर जनित बीमारीयां बढनें की पूरी संभावना रहती है। इस लिए बच्चो को सुरक्षा पूर्वक बचाओं करना अतिआवश्यक होता है। दिन का समय गर्म और उमस भरा हो सकता है, जबकि रात में यह थोड़ा सर्द हो सकता है। दिन के समय नरम और हल्के कपड़े बेहतर होते हैं और पूरी बाजू वाले कपड़ों की एक अतिरिक्त परत बच्चों को रात में गर्म रखेगी। उन्हें गर्म और सूखा रखें नमी से संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए, यह उचित है कि हम बच्चों को बाहर निकलते समय रेनकोट और छाते ले जाने के लिए प्रोत्साहित करें। यदि बच्चा भीग जाता है, तो हमें उसे घर पहुँचने के तुरंत बाद साफ और सूखे कपड़े बदलने के लिए कहना चाहिए। डायपर बदलें मानसून में बार-बार पेशाब आना एक आम बात है। यदि आपके छोटे बच्चे हैं, तो गीलेपन और फंगल संक्रमण से बचने के लिए डायपर को बार-बार बदलना ज़रूरी है। मच्छरों से सुरक्षा बरसात के मौसम में मच्छर पनपते हैं जिससे बच्चों को डेंगू और मलेरिया जैसे खतरनाक संक्रमण होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए, अपने बच्चे को ढीले, पूरी बाजू के कपड़ों से ढँक दें, जिससे त्वचा कम से कम उजागर हो। मच्छरों के काटने से बचने के लिए आप मच्छरदानी का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। बड़े बच्चों पर मच्छर भगाने वाली क्रीम का इस्तेमाल किया जा सकता है। गंदा पानी पीने से डायरिया का संक्रमण बढ़ जाता है। हमेशा फिल्टर्ड आरओ वाटर का इस्तेमाल करें। पानी को उबाल भी सकती हैं और ठंडा होने पर इसका सेवन कर सकते हैं। बार-बार हाथ धोना दस्त से दूर रहने की कुंजी है। बाहर के खाने से परहेज करें और बच्चों को घर का बना ताजा खाना ही दें।

## केन नदी के पुल से छलांग लगाने वाले राम कृपाल का दस दिन बाद शव हुआ बरामद

**पन्ना।** विगत 16 सितम्बर को मड़ला स्थित केन नदी पुल से एक व्यक्ति द्वारा नदी में छलांग लगा दी गई थी, जिसकी सूचना स्थानीय लोगो द्वारा पुलिस को दी गई थी। पुलिस नें उक्त सूचना के आधार पर जिला प्रशासन को सूचित किया गया था। जिसका पश्चात् एसडीआरएफ की टीम द्वारा नदी में लगातार दो तीन दिन शव को ढूढ़ा गया था। लेकिन उक्त शव नही मिला था, पुलिस नें परिजनों की जानकारी पर गुम इंसान का मामला भी कायम किया था। लगभग दस दिन बाद म्रतक का शव बरियारपुर बांध के पास कुरई ग्राम से बरामद किया गया है। जिसकी पहचान उसके कपड़ो से परिजनो द्वारा की गई है। उक्त म्रतक की पहचान राम कृपाल पिता बारेलाल अहिरवार उम्र 34 वर्ष निवासी नहरी थाना नरैनी जिला बांदा के रूप में की गई है।

### ग्राम पंचायत बीहरपुरवा में जीपीडीपी समीक्षा बैठक संपन्न

# स्वच्छता ही सेवा, हमे आचरण में उतारना है : सरोज



**पन्ना।** ग्राम पंचायत बीहरपुरवा में सरपंच सरोज पटेल की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियो के साथ बैठक कर तीन वर्ष के प्लान की समीक्षा की एवं आगामी 2025 -26 की कार्ययोजना निमार्ण पर चर्चा की गई। गांव को साफ सुथरा रखना हम सब का धर्म है। हमारे आचरण में स्वछता सफाई होना चाहिये। हम अपने घर को सा रखते है और गांव को नही रखने इस पर विचार करना चाहिये। हमें सप्ताह में दो दिन समय देना चाहिये सभी नागरिक समय देगे तो गांव साफ रहेगा एवं बीमारी मुक्त गांव बन सकेगा। सरपंच ने कहा की समर्थन संस्था के द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत में जीपीडीपी समीक्षा एवं स्च्छता ही सेवा अभियान चलाकर शुशासन की पहल की जा रही हे जो सराहनीय है।पंचो ने कहा की इस वार हम पेय जल एवं स्वच्छता पर आधारित प्लान तैयार करेगे। महिला हितैषी प्लान तैयार करेगे एवं प्रत्येक माह समीक्षा भी करेगे। कार्यक्रम में सरपंच श्रीमती सरोज पटेल, संतोष पटेल, सुन्दरकली पटेल, आगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहासिका, पंचायत मित्र प्रीती पटेल, रामसरण, समर्थन से सिखा मिश्रा, लखन लाल शर्मा एवं ज्ञानेन्द्र तिवारी शामिल रहे।

# जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न, डीजे बजाने पर रहेगा प्रतिबंध: कलेक्टर

**पन्ना।** आगामी त्यौहार उल्लासपूर्ण माहौल में एवं शांतिपूर्वक मनाए जाने के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई। कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 3 से 11 अक्टूबर तक नवरात्र पर्व, 12 अक्टूबर को दशहरा और 12 से 22 अक्टूबर तक शरद पूर्णिमा महोत्सव के आयोजन के दृष्टिगत समिति सदस्यों से आवश्यक तैयारियों के संबंध में चर्चा कर विचार विमर्श किया गया। साथ ही आवश्यक सुझाव भी प्राप्त किए गए। इस मौके पर कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि पूर्व की भांति आगामी त्यौहारों को भी आपसी सौहार्द्र, समन्वय और भाई चारे के साथ मनाएं। इस दौरान उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारियों को श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था, सतत पेयजल एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति, साफ-सफाई, सड़क मरम्मत एवं पार्किंग व्यवस्था, अस्थाई शौचालय, एम्बुलेंस, फायर बिग्रेड, मेडिकल टीम की तैनाती इत्यादि के संबंध में निर्देशित किया गया। उन्होंने पेयजल स्त्रोतों का निरीक्षण कर खराब होने की स्थिति में समय पूर्व ठीक कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि त्यौहारों के दौरान सुप्रीम कोर्ट एवं शासन के निर्देशानुसार डीजे के उपयोग पर पूर्णत: प्रतिबंध रहेगा। रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर भी यह प्रतिबंध लागू होगा। शेष अवधि में ध्वनि विस्तार यंत्रों का मध्यम आवाज में एवं निर्धारित डेसीबल सीमा के भीतर उपयोग किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि गणेश उत्सव की भांति नवरात्र पर्व पर प्लास्टिक ऑफ पेरिस की प्रतिमा के स्थान पर मिट्टी की प्रतिमाओं का उपयोग करें। यह सुनिश्चित किया जाए कि विवादास्पद स्थल पर मूर्ति न हो और मूर्ति स्थापना से आवागमन अवरूद्ध न हो। अवैध रूप से चंदा वसूली की रोकथाम, धार्मिक स्थल के निकट मांस, मछली एवं अंडा के विक्रय पर रोक सहित इस संबंध में पूर्व से जारी आदेश का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह भी ध्यान रखा जाए कि दुर्गा पंडालों में कोई भी व्यक्ति नशा अथवा मादक पदार्थों का सेवन करके न पहुंचे। बैठक में नवरात्र उत्सव के दौरान पद्मावती धाम बड़ी देवी मंदिर में महिलाओं के प्रात: 4 बजे से जल चढ़ाने के लिए आवागमन के दृष्टिगत सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट और साफ-सफाई व्यवस्था के निर्देश दिए।

## सिंहपुर अजयगढ़ घाटी में पिकअप नें ई-रिक्शा में मारी टक्कर, पांच घायल



**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ थाना अन्तर्गत सिंहपुर घाटी में एक तेज रफ्तार पिकअप द्वारा सवारीयों से भरे ई रिक्शा में टक्कर मार दी, जिसमें पांच लोग घायल हुए है। ई रिक्शा चालक मनोज पाल निवासी पिस्टा द्वारा बताया गया कि सवारियां लेकर मै जा रहा था, उसी दौरान खंडिया हनुमान जी मंदिर के पास अज्ञात पिकअप द्वारा टक्कर मार दी गई। जिससे ई रिक्शा खाई मे गिर गया। उक्त दुर्घटना में पांच लोग घायल हुए है, जिनमें तरूण घोषी, सिया दुलारी, मोनू पाल, सचिन पाल, सुमित अहिरवार आदि। घायलो का ईलाज स्वास्थ केन्द्र अजयगढ मे चल रहा है।

# जिले भर मे प्रिंट रेट से ऊंचे दामों में बेंची जा रही शराब

### ठेकेदार कर रहे मनमानी, आबकारी विभाग द्वारा नही की जा रही कार्यवाही



**पन्ना।** जिले मे संचालित देशी तथा अंग्रेजी शराब दुकानो में आम उपभोक्ताओं को मनमाने दामो पर शराब की विक्री की जा रही है। जबकी शराब की बोटलों मे जो प्रिंट रेट डला रहता है, उससे कई गुना दामों में शराब का विक्रय किया जा रहा है। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश शासन उपभोक्ता विभाग द्वारा स्पष्ट आदेश जारी है कि कोई भी वस्तु प्रिंट रेट से अधिक दाम पर बाजार में दुकानदार विक्रय नहीं कर सकता है। लेकिन शराब ठेकेदारो द्वारा पूरे जिलें में जहां एक ओर प्रिंट रेट से अधिक दामो पर शराब की विक्री की जा रही है, वहीं दूसरी ओर दुकान पर किसी भी प्रकार की कोई सूची चस्पा नही की गई है, और न ही उपभोक्ताओं द्वारा बिल मांगने पर रशीद दी जा रही है। उदाहरण के तौर पर एव व्यक्ति द्वारा मैजिक मूमेन्ट एप्पल की 750 एम एल खरीदी गई, जिसकी एम एस पी 775 तथा एम आर पी 895 रूपये बाटल पर लिखी हुई है। जबकी उपभोक्ता को उक्त बोटल 1130 रूपये मे दी गई। इस प्रकार प्रत्येक बाटल में अधिक पैसे दुकानदारो द्वारा लिये जा रहें है। ज्ञात हो कि मध्य प्रदेश शासन आबकारी विभाग द्वारा सभी शराब दुकानदारो को आदेश जारी किये गये थे की दुकान पर सूची चस्पा करें तथा बिल मांगने पर शराब खरीदने वालो को बिल देना नैतिक जिम्मेवारी है, और यह पालन कराना आबकारी विभाग की जिम्मेवारी है। लेकिन पन्ना जिले में मनमाने ढंग से शराब दुकानो का संचालन किया जा रहा है। जहां एक ओर अवैध रूप से गांव गांव में ठेकेदार के आदमीयों द्वारा शराब भेजी जा रही है, वहीं दूसरी ओर शराब पीने से युवा पीढि बर्बाद हो रही है, क्षेत्र में एक दुकान होने के बावजूद गांव गांव में अवैध शराब किराना दुकानो, पान टपरों मे ढाबा, रेस्टोरेन्टों मे आसानी से शराब उपलब्ध हो रही है। उक्त मामले को लेकर लगातार समाचार प्रकाशित किये जा रहें उसके बावजूद कोई कार्यवाही नही हो रही है।

### इनका कहना है

*मामला आपके द्वारा संज्ञान मे लाया गया है जांच कराकर कार्यवाही करेगें।*

**संतोष सिंह, जिला आबकारी अधिकारी जिला पन्ना**



उप मुख्यमंत्री ने श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय के सभागार में इंडियन सोसायटी आफ एनेस्थेशियो लाजिस्ट्स की 38वें वार्षिक राज्य स्तरीय निश्चेतना विशेषज्ञों की कांफ्रेंस का शुभारंभ किया। उसी अवसर का दृष्य।

## कलेक्टर खाद के भण्डारण तथा वितरण पर कड़ी निगरानी रखें : मुख्यमंत्री

### त्यौहारों में कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए उचित प्रबंध करें



**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि आदान एवं सोयाबीन के उपार्जन के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। कलेक्टर खाद के उठाव, भण्डारण और वितरण की कड़ी निगरानी रखें। खाद और बीज की गुणवत्ता की नियमित जाँच कराएं। खाद की कालाबाजारी तथा मिलावट करने वालों पर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को डीएपी खाद के स्थान पर यूरिया और एनपीके खाद के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करें। वर्ष 2023-24 में डीएपी के स्थान पर 26 प्रतिशत किसानों ने वैकल्पिक खाद का उपयोग किया जो खरीफ फसल में बढ़कर 45 प्रतिशत हो गया है। किसानों को नैनो यूरिया तथा नैनो डीएपी के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित करें। खाद की बिक्री के लिए जहाँ आवश्यक हो वहाँ डबल लाक सेंटर में निजी विक्रेताओं को खाद बेचने की अनुमति दें। साथ ही अतिरिक्त बिक्री केन्द्र बनाएं। कलेक्टर यह व्यवस्था सुनिश्चित करें कि किसानों को सरलता से खाद मिल सके। प्रभारी मंत्री अपने प्रभार के जिलों में खाद और बीज वितरण की नियमित समीक्षा करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सोयाबीन के उपार्जन के लिए प्रदेश भर में 1400 से अधिक खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं। जहाँ आवश्यक हो वहाँ नए खरीदी केन्द्र कलेक्टर बना लें। खरीदी केन्द्रों के साथ किसान 20 अक्टूबर तक ऑनलाइन पंजीयन भी करा सकते हैं। सभी खरीदी केन्द्रों में सोयाबीन के उपार्जन एवं भण्डारण की उचित व्यवस्था करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के कुछ स्थानों में भारी वर्षा से फसलों को हानि हुई है। कलेक्टर क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे कराकर किसानों को फसल बीमा तथा अन्य लाभ देना सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि, दशहरा तथा दीपवली सहित कई त्यौहार आगामी महीनों में मनाए जाएंगे। त्यौहारों के दौरान कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए उचित प्रबंध करें। असामाजिक तत्वों पर लगातार कार्यवाही करें। कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी छात्रावास, स्कूल तथा कालेज का नियमित रूप से निरीक्षण करें। वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों के सुधार का कार्य तत्काल शुरू कराएं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न वितरण की सतत निगरानी करें। वितरण में गड़बड़ी करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। सड़कों से निराश्रित गौवंश को हटाने के लिए भी प्रभावी कार्यवाही करें। मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंत्रीगणों, सांसद तथा विधायकगणों से संवाद किया।

कमिश्नर कार्यालय सभागार से वीडियो कान्फ्रेंसिंग में कमिश्नर बीएस जामोद, आईजी एमएस सिकरवार, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, उपायुक्त डीएस सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर कार्यालय से वीडियो कान्फ्रेंसिंग में सांसद श्री जनार्दन मिश्र, विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## राहुल सिंह ने प्रथम प्रयास में ही नीट की परीक्षा की उत्तीर्ण, शुभचिन्तको ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं



**रीवा/जवा।** देश मे होनहार छात्र/छात्राओं की कमी नही है उन प्रतिभाओं को निखारने एवं सही मार्गदर्शन देने की जरूरत है उन्ही में से है राहुल सिंह पिता रावेन्द्र सिंह ग्राम खम्मरिया थाना पनवार तहसील जवा जिला रीवा मध्यप्रदेश के जिन्होंने अपने लगन एवं मेहनत के दम पर प्रथम प्रयास पर ही नीट की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। जिनका रीवा जिले में दूसरा स्थान है प्रतिभावान छात्र राहुल सिंह ने नीट की परीक्षा उत्तीण कर जवा सहित जिले का नाम रोशन किया है साथ ही राहुल ने छात्र/छात्राओं को प्रेरणा दी है कि प्रयास से सब कुछ मुमकिन है। उनके उत्तीर्ण होने पर उनके पिता, शिक्षको एवं शुभचिन्तको ने बधाई एवं शुभकामाएं दी है। बताया जाता है छात्र राहुल सिंह पहले जवा में पढ़ाई की थी बाद में बीबीएस मिमोरिएल हायर सेकंडरी स्कूल रीवा में 12वी पास कर नीट की परीक्षा उत्तीर्ण है।

## हर सप्ताह छात्रावास तथा उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण करें : कलेक्टर

रीवा

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा है कि सभी एसडीएम तथा तहसीलदार नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करें। भ्रमण के दौरान सप्ताह में कम से कम एक उचित मूल्य दुकान एवं एक छात्रावास का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करके प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। उचित मूल्य दुकानों के निरीक्षण के समय खाद्यान्न के उठाव तथा वितरण एवं दुकान में भण्डारित खाद्यान्न का सत्यापन करें। राशन कार्डधारियों से भी खाद्यान्न वितरण के संबंध में फीडबैक लें। खाद्यान्न वितरण मंम किसी भी तरह की कमी पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करें।

कलेक्टर ने कहा कि एसडीएम हर सप्ताह एक उचित मूल्य दुकान तथा एक छात्रावास का निरीक्षण करें। तहसीलदार दो उचित मूल्य दुकानों तथा दो छात्रावासों का निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान छात्रावास में पेयजल व्यवस्था, भोजन तथा आवास की व्यवस्था की पूरी जानकारी लें। विद्यार्थियों के पठन-पाठन व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा, साफ-सफाई एवं छात्रावास की सुरक्षा व्यवस्था की भी पूरी जानकारी लें। प्रत्येक सोमवार को सभी अधिकारी टीएल बैठक में निरीक्षण प्रतिवेदन प्रस्तुत करें।

## कलेक्टर 30 सितम्बर को करेंगी कृषि आदान की समीक्षा

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 30 सितम्बर को कृषि आदानों की समीक्षा करेंगे। समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में शाम 4 बजे से आरंभ होगी। बैठक में खाद तथा बीज के भण्डारण एवं वितरण, धान उपार्जन के लिए किसानों के पंजीयन, खाद्यान्न के उठाव तथा परिवहन एवं वितरण की समीक्षा की जाएगी। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## जिले में अब तक 605.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में वर्षा का दौर लगभग समाप्त हो गया है, लेकिन जाते-जाते मानसून अपना आखिरी प्रभाव छोड़ रहा है। जिले में कई स्थानों पर गत 24 घण्टे में हल्की वर्षा हुई है। जिले में 28 सितम्बर को 8.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। सर्वाधिक 17 मिलीमीटर वर्षा सेमरिया तहसील में दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक कुल 605.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस संबंध में अधीक्षक भू अभिलेख लालन सिंह ने बताया कि इस अवधि में तहसील हुजूर में 653 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 462.4 मिलीमीटर, गुढ़ में 1031 मिलीमीटर, सिरमौर में 608.2 मिलीमीटर, त्योंथर में 305.5 मिलीमीटर, सेमरिया में 487.2 मिलीमीटर, मनगवां में 873 मिलीमीटर तथा तहसील जवा में 427 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 642 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## स्कूल जा रही आठवीं की छात्रा को अनियंत्रित ट्रक ने कुचला, घसीटने से मौत, लोगों ने लगाया जाम

रीवा

रीवा के मनिकवार बस स्टैंड के पास शनिवार सुबह सड़क दुर्घटना में 13 वर्षीय छात्रा ट्रक की चपेट में आ गई। घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि प्रतिभा चौरसिया पिता अजय चौरसिया उम्र 13वर्ष कक्षा आठवीं की छात्रा थी। जो सुबह घर से अपनी बुआ के साथ जा रही थी। धान से लदे ट्रक क्रमांक यूपी 64एटी 3873 ने रांग साइड से आकर टक्कर मार दी। छात्रा टक्कर खाकर सड़क पर गिरी और ट्रक में फंस गई। ट्रक कुछ दूर तक घसीटते हुए साथ ले गया। सड़क दुर्घटना में छात्रा के सिर पर गंभीर चोट आई। जो मौत का कारण बना।

घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने जाम लगा दिया और चालक को पकड़ लिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जहां पुलिस ने ट्रक को जब्त करते हुए शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। उधर घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारी एवं एसडीएम के समझाइश के बाद लोगों ने जाम खोल दिया है। दूसरी तरफ शव का पीएम हो जाने के बाद पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सांसद ने दुर्लभ बीमारी से ग्रसित मनीष यादव को केला खिलाकर अनशन समाप्त कराया



**रीवा।** सांसद जनार्दन मिश्रा ने रीवा जिले के तराई अंचल के ग्राम अजोरा निवासी मनीष यादव जो एसजीएमएच रीवामें दुर्लभ बीमारी से ग्रसित होने के कारण भर्ती हैं और वहीं पर आमरण अनशन शुरू किए हुए थे अनुवांशिक रोग होने के कारण जिसका चिकित्सी कोई स्थाई इलाज उपलब्ध नहीं है परंतु रीवा हॉस्पिटल के डॉक्टर फिजियोथैरेपी और आवश्यक उपचार के माध्यम से चिकित्सा में लगे हुए हैं रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने संजय गांधी हॉस्पिटल पहुंचकर मनीष यादव से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उसे आमरण अनशनसमाप्त करने का आग्रह किया सांसदजी के आग्रह पर उन्होंने अपना आमरण अनशन समाप्त करने तैयार हो गए जिस पररीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने केला खिलाकर उनका अनशन समाप्त कराया मौके पर रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने चिकित्सकों को उनके समुचित उपचार और देखभाल के लिए निर्देशित किया इस अवसर पर डीन अधीक्षक सहित चिकित्सक उपस्थित रहे

## आत्महत्या का हॉटस्पॉट है पुल, विधायक की पहल के बाद अब लगेगी जालियां, 13 लाख मंजूर

**रीवा।** आत्महत्या का हॉटस्पॉट बन चुके त्योंथर के राजापुर पुल पर अब प्रशासन ने सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए हैं। स्थानीय विधायक सिद्धार्थ तिवारी की पहल पर कलेक्टर ने पुल पर जालियां लगाने की मंजूरी दी है। पुल से लगातार आत्महत्याओं की घटनाओं को देखते हुए, अब जल्द ही यहां लोहे की जालियां लगवाई जाएंगी ताकि इन घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। राजापुर पुल टमस नदी पर स्थित है, यह लंबे समय से आत्महत्या करने वालों के लिए एक प्रमुख स्थान बन चुका है। यहां से कई लोगों ने नदी में छलांग लगाकर अपनी जान गंवाई है। विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने इस गंभीर समस्या को देखते हुए प्रशासन को पत्र लिखा, जिसके बाद पुल पर सुरक्षा के लिए जाली लगाने का प्रस्ताव पास हुआ। लोक निर्माण विभाग द्वारा इस कार्य का सर्वेक्षण कर लिया गया है, और इस पर 13.38 लाख रुपये की लागत आएगी।

**राजापुर पुल पर अब तक कई दुखद घटनाएं हो चुकी हैं**

राधादेवी नामक महिला ने अपनी दो बच्चियों के साथ टमस नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली थी। नष्टिगवां कॉलेज में लैब टेक्नीशियन ने भी इसी पुल से कूदकर आत्महत्या की थी। पैरा गांव के निवासी सुनील माझी ने अपने दो बच्चों के साथ आत्महत्या की थी। एक लापता किशोर का शव भी बरुआ गांव में मिला था, जिसकी आत्महत्या की आशंका जताई गई थी। पुल पर सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के लिए, प्रशासन ने रात के समय पुल को रोशन करने का निर्णय लिया है। राजापुर पुल पर कई सर्राफा व्यापारियों के साथ लूटपाट की घटनाएं हो चुकी हैं, जिसके कारण वहां प्रकाश की कमी को मुख्य कारण बताया गया है। नगर पंचायत और बिजली विभाग की सहायता से यहां जल्द ही प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी ताकि अपराधों को भी रोका जा सके। एसडीएम संजय जैन ने बताया कि, राजापुर पुल पर सुरक्षा के लिए जालियां लगाने का कार्य जल्द ही शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही पुल पर पर्याप्त लाइट की व्यवस्था भी की जाएगी ताकि आत्महत्या और अपराध की घटनाओं पर नियंत्रण पाया जा सके।

## बरा कोठार में निर्मित 13 एमएलडी क्षमता वाले जल उपचार संयंत्र का ननि आयुक्त ने दौरा किया



**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह द्वारा दिनांक 28.09.2024 को नगर निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत बरा कोठार में निर्मित 13 एमएलडी क्षमता वाले जल उपचार संयंत्र का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने जल उपचार प्रणाली की गहन समीक्षा की, जिसमें रीवा जल आपूर्ति की पूरी प्रक्रिया, जल गुणवत्ता परीक्षण और स्काडा प्रणाली का निरीक्षण भी शामिल था। निरीक्षण का उद्देश्य जल आपूर्ति की गुणवत्ता को और अधिक सुदृढ़ करना एवं सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करना है। इस दौरान उनके साथ पीडीएमसी टीम के डीटीएल श्री संदीप हटवार, श्री अर्चित सिंह बघेल और सीएमआर प्रोजेक्ट हेड श्री योगेंद्र चौकसे की टीम सम्मिलित रही।

## नगर निगम प्रशासन द्वारा जर्जर और भयप्रद भवनों को गिराने की मुहिम लगातार जारी



**रीवा।** शासन के निर्देशानुसार नगर निगम प्रशासन द्वारा जर्जर और भयप्रद भवनों को गिराने की मुहिम लगातार जारी है। निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देशानुसार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित पुराने और कमजोर भवनों को चिन्हित कर उन्हें सुरक्षित तरीके से ध्वस्त किया जा रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 28/09/2024 को कार्यपालन यंत्री श्री राजेश सिंह के नेतृत्व में वार्ड क्र 37 उपरहटी में गुप्ता जी के घर के सामने जर्जर भयप्रद भवन को गिराने की कार्रवाई की गई। प्रशासन के निर्णय अनुसार ऐसे सभी भवन जो गिरने की भयप्रद स्थिति में हैं, उन्हें तुरंत हटाया जाएगा। उक्त कार्यवाही के दौरान उपयंत्री श्री श्यामसुन्दर मिश्रा, श्री रामचन्द्र तिवारी के साथ अतिक्रमण दल की टीम मौजूद रही।

## राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक 4 अक्टूबर को

**कलेक्टर 4 अक्टूबर को करेंगी राजस्व कार्यों की समीक्षा**

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल 4 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में राजस्व कार्यों की समीक्षा करेंगी। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, भूमि आवंटन तथा भू अर्जन सहित सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। बैठक में पीएम किसान सम्मान निधि, स्वामित्व योजना, राजस्व वसूली, न्यायालय में लंबित प्रकरणों, लोक सेवा गारंटी प्रकरणों, प्राकृतिक आपदा में राहत राशि के वितरण तथा सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी। सभी राजस्व अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## जटिल ऑपरेशन प्रक्रिया में निश्चेतना के क्षेत्र में हुई नई प्रगति कारगर सिद्ध होगी : उप मुख्यमंत्री

### निश्चेतना विशेषज्ञों के राज्य स्तरीय वार्षिक सम्मेलन का उप मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि जटिल ऑपरेशन प्रक्रिया में निश्चेतना के क्षेत्र में हुई प्रगति कारगर सिद्ध होगी। रीवा में आयोजित होने वाले निश्चेतना विशेषज्ञों के राज्य स्तरीय वार्षिक सम्मेलन में देश-विदेश के विशेषज्ञों द्वारा आपस में विचार विमर्श के उपरांत जो परिणाम आएंगे वह न केवल शोध के क्षेत्र में अपितु मरीजों के उत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में भी मददगार होंगे। उप मुख्यमंत्री ने श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय के सभागार में इंडियन सोसायटी आफ एनेस्थेशियो लाजिस्ट्स की 38वें वार्षिक राज्य स्तरीय निश्चेतना विशेषज्ञों की कांफ्रेंस का शुभारंभ किया। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि इस कार्यशाला में देश-विदेश के निश्चेतना विशेषज्ञों द्वारा क्रिटिकल



केयर, वेंटिलेटर एवं दर्द रहित चिकित्सा से जुड़े विभिन्न आयामों पर चर्चा होगी जो असहनीय बीमारी में होने वाले दर्द को कम करने की पद्धतियों में चिकित्सकों के लिए वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि रीवा में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के साथ ही अन्य चिकित्सा संस्थानों में कार्यरत चिकित्सकों के लिए यह कार्यशाला काफी कुछ सीखने व नई पद्धति से अवगत होने में सहायक होगी और मरीजों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने देश और विदेश से आए चिकित्सा विशेषज्ञों का रीवा में स्वागत किया और अपेक्षा की कि यह आयोजन चिकित्सा क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने देश-विदेश से आए निश्चेतना विशेषज्ञों का सम्मान किया। उन्होंने इस अवसर पर स्मारिका का भी विमोचन किया।

कार्यशाला में डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल ने कहा कि निश्चेतना विशेषज्ञों के राज्य स्तरीय सम्मेलन में देश-विदेश के विशेषज्ञों द्वारा निश्चेतना के क्षेत्र में नई प्रगति व खोज तथा इलाज की विधियों से रीवा के चिकित्सकों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि मरीज के वेंटिलेटर को मैनेज करने तथा बीमारी में दर्द को कम करने वाली पद्धति से भी चिकित्सक अवगत होंगे। डॉ अवतार सिंह ने कार्यक्रम के आयोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में रीवा के चिकित्सकों द्वारा शोधपत्रों का प्रस्तुतिकरण भी किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय, संचालक चिकित्सा शिक्षा डॉ अरूण श्रीवास्तव, अधीक्षक संजय गांधी हास्पिटल राहुल मिश्रा, अधीक्षक सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल अक्षय श्रीवास्तव सहित देश-विदेश से आए निश्चेतना विशेषज्ञ तथा चिकित्सक उपस्थित रहे।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833